Web : muzaffarnagarbulletin.co.in
पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79)
डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा

वर्ष : 50/ अंक : 282 | बुधवार, 12 अक्टूबर 2022 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, तृतीया, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

न्यूनतम 21 °C
अधिकतम 27 °C

आज की अमृतवाणी

ताश का जोकर और अपनों की ठोकर, अक्सर बाजी घुमा देते हैं।

सूर्योदय : 6:18
सूर्यास्त : 5:52

यह मुज़फ़्फ़रनगर है.....

लोग भारत जोड़ो यात्रा के, देश तोड़ने के मंसूबे को समझ चुके हैं : बसवराज बोम्मई

BHARAT JODO YATRA

राजनेता के दिल की बातों को..... आम जनता समझ ही लेती है.......

कवाल कांड : विक्रम सैनी समेत 12 आरोपियों को दो-दो साल की सजा

- एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने दोषियों को कारावास और 10-10 हजार के जुर्माने की सजा
- फैसले के बाद कोर्ट ने जुर्माने की राशि जमा करने के बाद दोषियों को जमानत पर किया रिहा
- 2013 में कवाल गांव में सचिन और गौरव की हत्या के दो दिन बाद हुआ था हिंसक टकराव

मुजफ्फरनगर, 11 अक्तूबर (बु.)। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने अगस्त 2013 में कवाल में सचिन और गौरव की हत्या के दो दिन बाद हुए उपद्रव और में विधायक विक्रम सैनी समेत 11 आरोपियों को दोषी मानते हुए 2-2 साल के कारावास और 10 हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई है, जबकि 12वें आरोपी फारूख को शस्त्र अधिनियम में 1 साल और 5 हजार रुपये के जुमार्ने की सजा हुई है। अन्य 15 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। तीन साल से कम होने के कारण जुर्माने की राशि जमा करने के बाद विधायक समेत तमाम दोषियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया।

कवाल गांव में फसाद की यह घटना 29 अगस्त 2013 की है। दरअसल 27 अगस्त 2013 में दो भाइयों सचिन और गौरव की सरेआम हत्या कर दी गई थी। इसी की तनातनी में दो दिन बाद दो समुदाय के बीच संघर्ष हो गया था। फायरिंग के साथ तोड़-फोड़ की घटना भी हुई। बीच-बचाव में आई पुलिस को भी विरोध झेलना पड़ा था। इस मामले में तत्कालीन इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार शर्मा ने विक्रम सैनी, धर्मवीर, रोहताश, सलेकचंद, रविन्द्र, सोनू, दीपक, प्रदीप, अनीश, फैसल, मौलाना मुकर्रम, नूर मौहम्मद, मुकर्रम, उस्मान, कामरान, अबरार, साजिद, इमरान, सतीश प्रजापति, मनोज, फारूख, राकेश सैनी, दीपक, अक्षय, धीरज, गुलशन और मौहम्मद रफी समेत 28 लोगों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 307, 336, 353, 504, 506 और 7 क्रिमिनल एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के बाद तमाम आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दी थी। इस मामले की सुनवाई एमएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायधीश गोपाल उपाध्याय की कोर्ट में हुई। इनमें से एक आरोपी सतीश प्रजापति की सुनवाई के दौरान मौत हो गई थी। एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायधीश गोपाल उपाध्याय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद मंगलवार को खतौली क्षेत्र के भाजपा विधायक विक्रम सैनी, धर्मवीर, सलेखचंद, रविन्द्र, रोहताश, सोनू, दीपक, प्रदीप, नूर मौहम्मद, मौलाना मुकर्रम और दीपक कुमार को सरकारी कार्य में बाधा डालने का दोषी करार दिया। कोर्ट ने अपने फैसले में बाकी 15 आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया।

विक्रम बोले: फैसले के खिलाफ जायेंगे हाईकोर्ट

मुजफ्फरनगर। कवाल उपद्रव के मामले में सजा के बाद जमानत पर रिहा हुए भाजपा विधायक विक्रम सैनी ने कहा कि कोर्ट ने उन्हें दो साल कारावास और 10 हजार रुपये की जुर्माने की सजा सुनाई है। वो न्यायपालिका के इस फैसले का सम्मान करते हैं, लेकिन वो उसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करेंगे। उन्हें उम्मीद है कि जल्द उन्हें राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सपा शासनकाल में पुलिस ने रस्सी को सांप बनाकर उनके खिलाफ झूठे और फर्जी मुकदमें दर्ज किए हैं। कोई भी समझ सकता है कि बलकटी से गोली नहीं चल सकती, लेकिन झूठे मुकदमें में उन्हें सजा हो गई है। एक सवाल के जवाब में विधायक सैनी ने कहा कि भाजपा कहीं भी दोषी नहीं है। दंगा सपा शासन के काल में हुआ और सरकार के इशारे पर उनके खिलाफ फर्जी मुकदमें दर्ज हुए।

इसी उपद्रव को लेकर तत्कालीन एसएसपी सुभाष दूबे पर गिरी थी निलंबन की गाज

मुजफ्फरनगर। 27 अगस्त 2013 को कवाल में मामूली कहासुनी को लेकर हुई सचिन और गौरव की हत्या के बाद पुलिस ने 7 आरोपियों को पकड़ लिया था। इन आरोपियों को ना छोड़ने को लेकर तत्कालीन डीएम सुरेन्द्र सिंह और एसएसपी मंजिल सैनी को तत्काल हटा दिया गया था। इसके बाद सुभाष दूबे को मुजफ्फरनगर का नया एसएसपी बनाकर भेजा गया था। दुबे हैलिकॉप्टर से मुजफ्फरनगर आये थें। उनके आने के अगले दिन ही 29 अगस्त को कवाल में यह उपद्रव हो गया था। पुलिस ने इस घटना को छिपाने का भरसक प्रयास किया था। मीडिया और पुलिस अधिकारियों के बीच घटनाक्रम को लेकर तकरार भी हुई थी। उस समय समाचार पत्रों में कारतूसों के फोटो छपने के बाद हंगामा हुआ था। शासन ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए दो दिन बाद ही एसएसपी सुभाष दुबे को निलम्बित कर दिया था।

विधायक को सजा से भाजपा में हड़कम्प

मुजफ्फरनगर। खतौली क्षेत्र से भाजपा विधायक विक्रम सैनी को कवाल मामले में सजा मिलने से भाजपाइयों में खलबली मची है। विधायक सैनी को जैसे ही दोषी करार देने की खबर मिली तो बुढ़ाना के पूर्व विधायक उमेश मलिक, भाजपा के वरिष्ठ नेता सचिन सिंघल और संजय अग्रवाल कोर्ट परिसर पहुंच गये। इन नेताओं ने काफी देर विधायक और सरकारी वकीलों से कानूनी राय ली। जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला और पूर्व विधायक अशोक कंसल भी काफी देर जमे रहे।

तमाम दोषियों की जमानत मंजूर

मुजफ्फरनगर। विशेष न्यायधीश ने विधायक विक्रम सैनी समेत 12 आरोपियों को दो-दो साल के कारावास और 10-10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। सरकारी अधिवक्ता भारतवीर ने बताया कि 3 साल से कम की सजा होने के कारण तमाम दोषियों को जुर्माने की राशि जमा करने के बाद जमानत दे दी गई। उन्होंने बताया कि 11 आरोपियों को 2-2 साल, जबकि 12वें आरोपी फारूख को शस्त्र अधिनियम में 1 साल कारावास और 5 हजार रुपये जुर्माने की सजा दी गयी है।

चली गई मैडम अंजू अग्रवाल की कुर्सी

- भ्रष्टाचार के आरोपों पर राज्यपाल ने दी पद मुक्त करने की स्वीकृति

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)। आखिर अंजू अग्रवाल की कुर्सी चली गई। भ्रष्टाचार के आरोपों पर वित्तीय अधिकार सीज होने के बाद हाईकोर्ट के आदेश पर उनका पक्ष सुनने के बाद उन्हें पद मुक्त करने का फैसला किया गया। राज्यपाल ने शासन के परिपत्र के आधार पर अंजू अग्रवाल को पद से हटाए जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी। इसके साथ ही लेडी सिंघम के भ्रष्टराज का अंत हो गया। राज्यपाल की ओर से इस आशय के आदेश प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने जारी किए।

प्रमुख सचिव अमृत अभिजात द्वारा जारी आदेशों में कहा गया है कि जिलाधिकारी की आख्या में अंजू अग्रवाल को कर्तव्य पालन में चूक, कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर अवचार, नगर पालिका की निधि को हानि पहुंचाने नगर पालिका निधि के दुरूपयोग एवं नगर पालिका के हित के प्रतिकूल कार्य करने के लिए दोषी पाया गया है। सभी आरोप सिद्ध पाए गए आरोपों के आधार पर राज्यपाल उत्तर प्रदेश ने नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा -48 की उपधारा 2 (क) एवं ख के अंतर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल को अध्यक्ष पद से हटाये जाने की स्वीकृति प्रदान की है। याद रहे कि मुजफ्फरनगर नगर पालिका में टिपर वाहनों की आपूर्ति, वॉल पेंटिंग और सीएमओ ऑफिस के पास कचरा एकत्र कराने के लिए कक्ष के निर्माण और दो पोर्टेबल कांपेक्टर की खरीद के मामले में शिकायत के बाद सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान की संस्तुति पर जांच की गई थी। सभासद राजीव शर्मा और मनोज वर्मा ने इस मामले की शिकायत की थी। इसके बाद स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत वॉल पेंटिंग और अन्य कार्यों की शिकायत की जांच कराई गई थी। डीएम चंद्रभूषण सिंह ने जांच के बाद रिपोर्ट शासन को भेजी थी। इसमें पालिकाध्यक्ष को वित्तीय अनियमितताओं का

दोषी पाया गया था। इस मामले में 19 जुलाई को जारी आदेश में अंजू अग्रवाल के वित्तीय अधिकार सीज कर दिए गए थे। इस आदेश के बाद पालिकाध्यक्ष ने प्रमुख सचिव के आदेशों को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। उन्होंने इस मामले में प्रमुख सचिव अमृत अभिजात के खिलाफ भी न्यायालय की अवमानना को लेकर याचिका दायर की थी। इसके बाद हाईकोर्ट ने उक्त मामले में वित्तीय अधिकार सीज करने के आदेशों को स्थगित करते हुए शासन को अंजू अग्रवाल का पक्ष सुनने के लिए समय देते हुए समुचित निर्णय लेने के आदेश जारी किए थे। इस मामले में प्रमुख सचिव ने अंजू अग्रवाल को तलब करते हुए उनका पक्ष सुनने के बाद आख्या दी थी। इसके आधार पर राज्यपाल ने अंजू अग्रवाल को पद से हटाने के आदेश पर मुहर लगा दी।

ऐसे शुरू हुई अंजू अग्रवाल की उल्टी गिनती

मनमानी और एक दो सलाहकारों के इशारे पर दबंगई से पालिका चलाती रही अंजू अग्रवाल को नियम कानूनों की जानकारी ना होना भी उनके लिए मुसीबत का सबब बन गया। मई 2020 में नगर पालिका ने 35 गारबेज टिपर वाहन खरीद के लिए टेंडर जारी किए थे। इसके लिए मैसर्स गोल्डन ट्राइंगल सर्विसेज फर्म को टेंडर स्वीकृत हुआ था। फर्म की ओर से केवल 11 वाहनों की डिलीवरी की गई, जबकि पालिका प्रशासन ने 82 लाख रुपये का फर्म को अग्रिम भुगतान कर दिया। नियमानुसार और टेंडर की शर्त के आधार पर 35 वाहनों की खरीद सुनिश्चित होने के बाद ही पालिका में वाहनों की आपूर्ति हो जाने पर यह भुगतान किया जाना चाहिए था। कंपनी के खिलाफ शहर कोतवाली में 82 लाख रुपये का गबन करने के मामले में फर्म और ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। डीएम की जांच के बाद शासन ने इसे सरकारी संपत्ति को लेकर लापरवाही माना है। डीएम की जांच रिपोर्ट में स्वीकार किया गया है कि आपूर्ति किए गए वाहनों में चार या पांच टिपर ही प्रयोग किए जा रहे हैं। कंपनी की ओर से निविदा की सभी शर्तों को पूरा नहीं किया गया है।

शेष : पृष्ठ-4 पर

पालिका के घोटालों की जांच करेगी एसआईटी

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)। पालिका में हुए घोटाले की जांच एसआईटी से कराने की संस्तुति भी गृह विभाग को की गई है। मामले में शिकायतकर्ता राजीव शर्मा और मनोज वर्मा ने इस मामले में दावा किया कि शासन द्वारा उनके प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए हुए नगरपालिका में 5 वर्ष के दौरान हुए भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर नगर विकास विभाग द्वारा तमाम मामलों की जांच हेतु स्वीकृति करते हुए फाइल गृह विभाग को भेजी गई है। आशा है कि गृह विभाग द्वारा जल्द ही इस मामले में एसआईटी का गठन कर आगे जांच की कार्यवाही की जाएगी। इससे पालिका भ्रष्टाचार और इसमें लिप्त लोगों की कलई खुलकर सामने आ जाएगी।

पीएम ने की महाकाल की पूजा व 856 करोड़ की परियोजना का उद्घाटन

उज्जैन, 11 अक्टूबर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार शाम महाकाल के मंदिर में पूजा की और 856 करोड़ रुपये की लागत वाली भव्य और दिव्य महाकालेश्वर मंदिर कॉरिडोर विकास परियोजना 'श्री महाकाल लोक' के पहले चरण का उद्घाटन किया। मध्य प्रदेश की उज्जैन स्मार्ट सिटी के तहत 856 करोड़ रुपये की यह परियोजना 2017 में शुरू हुई थी। पीएम मोदी ने 'श्री महाकाल लोक' के लोकार्पण के बाद इसकी विशेषताओं के साथ उज्जैन की खासियत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'महाकाल लोक' में लौकिक कुछ भी नहीं है। शंकर के सानिध्य में साधारण कुछ भी नहीं है। सब कुछ अलौकिक है, असाधारण है, अविस्मरणीय है और अविश्वसनीय है। महाकाल नगरी प्रलय के प्रहार से भी मुक्त है। यही वो जगह है जहां भगवान कृष्ण ने शिक्षा ग्रहण की थी। उज्जैन भारत की आस्था का केंद्र रहा है। मोदी ने कहा कि हमारी तपस्या और आस्था से जब महाकाल प्रसन्न होते हैं तो उनके आशीर्वाद से ही ऐसे ही भव्य स्वरूप का निर्माण होता है और जब महाकाल का आशीर्वाद मिलता है तो काल की रेखाएं मिट जाती हैं।

शाहपुर में बुखार का खौफ, वायरल ने बोला धावा.....

--सरकारी अस्पताल में पहुंच रहे हैं रोजाना 60 से 65 बुखार पीड़ित
--प्राइवेट डॉक्टरों के यहां भी मरीजों की भरमार

शाहपुर, 11 अक्टूबर (बु.)। शाहपुर क्षेत्र में बुखार का तांडव लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है पिछले एक पखवाड़े के भीतर वायरल ने इस कदर धावा बोला है कि इलाके में सैकड़ों लोग इसकी चपेट में आ गए हैं वायरल के साथ-साथ मलेरिया टाइफाइड व डेंगू ने भी अपने पैर पसार लिए हैं। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोजाना आ रहे लगभग सवा सौ मरीजों में 60 से 65 मरीज वायरल से पीड़ित है। वही नगर में प्राइवेट अस्पतालों में भी बुखार पीड़ितों की भरमार है शाहपुर क्षेत्र में पिछले 15 दिनों के भीतर यकायक बुखार पीड़ितों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है इसे मौसम का बदलाव कहे अथवा संक्रमण रोजाना सैकड़ों लोग विभिन्न प्रकार के बुखार से ग्रसित हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार शाहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पिछले एक पखवाड़े के भीतर औसतन 125 मरीज रोजाना विभिन्न रोगों के इलाज के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें आधे से अधिक वायरल बुखार से पीड़ित हैं। वायरल संक्रमण कितने तेजी से फैल रहा है कि नगर के साथ-साथ ग्रामीण अंचल में प्रत्येक घर में इसका फैलाव होने लगा है। वायरल के साथ-साथ मलेरिया व टाइफाइड के लक्षण भी बुखार पीड़ितों में सामने आ रहे हैं सरकारी व प्राइवेट लैब में खून टेस्ट करवाने वालों की भी लंबी कतारें है। इस बार के बुखार में प्लेटलेट्स अत्यधिक तो होने के मामले भी सामने आ रहे हैं। स्थानीय सीएचसी के प्रभारी डॉक्टर एनपी सिंह ने बुलेटिन संवाददाता को बताया कि बुखार पीड़ितों की संख्या में इजाफा हुआ है , सरकारी सेवाओं में कोई कमी नहीं है अस्पताल में बुखार एवं अन्य बीमारियों की भरपूर दवाएं है उन्होंने बताया कि वायरल इंफेक्शन में उनके पास एजिथोमाइसिरीन, डोलो, हाइड्रोक्लोकसिन, हाईवरमैकसिन, विटामिन सी कैल्शियम की टबलेट एवं ओआरएस के पैकेट उपलब्ध है। डॉक्टर एनपी सिंह ने कहा कि वायरल से पीड़ित व्यक्ति गर्म पानी का सेवन करें ठंडी वस्तुओं को खाने से बचें तथा व्यायाम आदि करें। उधर सरकारी के साथ-साथ प्राइवेट अस्पतालों में भी बड़ी तादाद में बुखार पीड़ित रोजाना आ रहे हैं। नगर के प्रमुख चिकित्सक डॉ आर के गुप्ताडॉ कुलदीप सिंह चौहान डॉ भगत सिंह, डॉक्टर तेजपाल सैनी, डॉ राजेंद्र पवार डॉक्टर चरण सिंह सैनी डॉ मुकेश त्यागी अपना इलाज करा रहे हैं।

शुकतीर्थ में गंगा की धारा का मामला संसद में उठाएंगे : मलूक नागर

भोपा, 11 अक्टूबर (बु.)। बिजनौर सांसद मलूक नागर ने शुकतीर्थ पहुंचकर शुकतीर्थ के विकास को लेकर जानकारी की। वहीं गंगा घाट, गंगा की धारा तथा शुकतीर्थ के चहुंमुखी विकास को लेकर साधु संतों से चर्चा की। तीर्थनगरी शुकतीर्थ स्थित कार्यक्रम में बिजनौर सांसद मलूक नागर ने कहा कि शुकतीर्थ उत्तर प्रदेश का ऐतिहासिक पौराणिक तीर्थ स्थान है। देश-विदेश से श्रद्धालु नगरी में आते हैं।

नगरी में गंगा का जल स्तर घटने की प्रमुख समस्या है। गंगा में जल स्तर बढ़ाने की मांग वह संसद में उठाएंगे। सांसद ने कहा कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है। इसके बावजूद भी नगरी का समुचित विकास नहीं हो पाया है। मायावती सरकार में नगरी में गंगा पर पक्के घाट बनाए गए थे तथा शुकतीर्थ में गंगा का जल स्तर बढ़ाने को परियोजना भी बनाई गई थी, लेकिन दूसरी सरकार ने धन आवंटन नहीं किया, जिसके चलते परियोजना बंद हो गई थी।

सांसद ने संतों को भरोसा दिलाया कि वह गंगा में अविरल धारा के प्रवाह बढ़ाने की मांग को संसद में उठाएंगे। किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह के दत्तक पुत्र पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का दुनिया से चले जाना, किसान व आम आदमी के लिए अपूर्णीय क्षति है। कार्यक्रम में स्वामी गीतानंद महाराज ने कहा कि संत व संसद दोनों गीता का संदेश देते हैं तथा दोनों ही जोड़ने का काम करते हैं। राष्ट्रीय सैनिक संस्था के सुधीष फौजी ने कारगिल बलिदानी स्मारक में सहयोग प्रदान करने की मांग की। कार्यक्रम में स्वामी शिवानंद महाराज ने कहा कि समाज की सेवा करने से पुण्य की प्राप्ति मिलती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत बाबा कृपालदास महाराज ने की। संयोजक मा. अनंतराम, पूर्व प्रधानाचार्य सोहनवीर सिंह, प्रमोद कुमार, अरूण कुमार, रमेशचंद वर्मा, हरबीर सिंह, बीके श्रवण, पप्पू आदि मौजूद रहे।

किसानों की समस्याओं को लेकर प्रधान प्रबन्धक को सौंपा ज्ञापन

भोपा, 11 अक्टूबर (बु.)। भारतीय किसान संघ के बैनर तले क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल मोरना पहुंचा तथा प्रधान प्रबन्धक को ज्ञापन सौंपते हुए किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष अशोक पुण्डीर के नेतृत्व में जिला सह मंत्री सतवीर सिंह पाल, ब्लॉक अध्यक्ष सुखबीर सिंह ठाकुर, ब्लॉक उपाध्यक्ष राजेश कुमार पाल, राजपाल सिंह, अमित कुमार, शुभम पाल, महेंद्र सिंह चौहान, राजीव कुमार, राधे, अशोक कुमार, राजीव चौधरी, रितेश चौधरी, कपिल कुमार चौहान आदि ने प्रधान प्रबन्धक कमल रस्तौगी को किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि देश भर में ज्यादातर गन्ना मिलों ने गन्ना किसानों के भुगतान सही समय पर नहीं कर रहे हैं। देरी होने पर ब्याज के साथ भुगतान भी नहीं कर रहे हैं। हाल ही में सरकार ने का मूल्य 290 से 305 रुपए प्रति कुंतल कर दिया है, लेकिन रिकवरी रेट 10.25 कर दिया है। मिलों द्वारा गन्ने का भुगतान समय से न होने से किसान परेशान है।

सहायता प्राप्त सीनियर बेसिक शिक्षक संघ का चुनाव सम्पन्न

शाहपुर, 11 अक्टूबर (बु.)। क्षेत्र के गांव धनायन में राजकुमार जनता जूनियर हाईस्कूल में सहायता प्राप्त सीनियर बेसिक शिक्षक संघ का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुआ।

जिलाध्यक्ष मगनवीर, जिला महामंत्री अमित बालियान व रमेश चंद कोषाध्यक्ष चुने गए। शाहपुर के गांव धनायन में राजकुमार जनता जूनियर हाई स्कूल में सहायता प्राप्त उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ का चुनाव संपन्न हुआ।

शिक्षक संघ के प्रदेश संयुक्त मंत्री नरेंद्र धामा चुनाव अधिकारी व प्रदेश संगठन मंत्री नवनीत कुमार की देख रेख में जिला स्तरीय चुनाव में मगनवीर सिंह खतौली को जिलाध्यक्ष, अमित बालियान को जिला महामंत्री व रमेश चंद को कोषाध्यक्ष को निर्विरोध चुना गया।

इस दौरान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री नवनीत कुमार, प्रदेश के संयुक्त मंत्री नरेंद्र धामा, हरिओम त्यागी, ब्रजवीर सिंह, प्रवीन शर्मा, रचित गुप्ता, जयदेव, नरेश, जगवीर सिंह, टीनोपाल, दुष्यंत कुमार,राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

मजदूरी के पैसे मांगने पर जमकर पीटा

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु)। मजदूरी के पैसे मांगने पर कुछ लोगों ने एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामपुर निवासी राहुल पुत्र पप्पू ने पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि उसने गांव के ही सुनील के खेतों में उसने ईंख बांधने का काम किया था, जिसकी मजदूरी मांगने पर सुनील ने अपने पुत्र विपिन व छोटू के साथ मिलकर उसके घर में घुसकर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। घायल का चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

शनिवार-रविवार को जिले के 24 केंद्रों पर होगी पीईटी की परीक्षा

जिले में 12,288 अभ्यर्थी देंगे 4 पालियों में दोनों दिन परीक्षा

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा की लिखित परीक्षा आगामी 15 एवं 16 अक्टूबर को 4 पालियों में संपन्न होगी। परीक्षा की तैयारियों को लेकर डीएम की अध्यक्षता में आहूत बैठक चौ. चरण सिंह सभागार कलक्ट्रेट में किया गया। जिसका संचालन जिला विद्यालय निरीक्षक श्री गजेन्द्र कुमार ने किया। बैठक में डीएम चन्द्र भूषण सिंह ने 15 व 16 अक्टूबर को होने वाली अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा में लगे सभी जोनल मजिस्ट्रेट, सैक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट व परीक्षा केन्द्र अधीक्षक पूरी जिम्मेदारी के साथ परीक्षा को सम्पन्न करायेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो आयोग से दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं, उन्हीं के सम्पूर्ण प्रक्रिया के अनुरूप आपसी तालमेल व समन्वय के साथ अपने केन्द्रों का भ्रमण करते हुए बेहतर कार्य करेंगे, ताकि प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा निर्विघ्न व शुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न हो सके।

बैठक में एडीएम प्रशासन व नोडल अधिकारी नरेन्द्र बहादुर सिंह ने अधिकारियों को बताया कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा की लिखित परीक्षा के लिए जिले में 24 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, जिनमें 12,288 अभ्यर्थियों द्वारा चारों पालियों में दोनो दिन परीक्षा देंगे। इस लिखित परीक्षा में प्रत्येक 3 परीक्षा केन्द्रों पर एक सैक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त करते हुए कुल 8 सैक्टर मजिस्ट्रेट लगाये है। वहीं 24 स्टेटिक मजिस्ट्रेट व 500 से अधिक अभ्यर्थियों वाले 10 केन्द्रों पर एक-एक अतिरिक्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये है।

उन्होंने बताया कि परीक्षा की जिम्मेदारी केन्द्र अधीक्षक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं एजेन्सी की होगी। परीक्षा की शुचिता को बनाए रखने के लिये किसी अभ्यर्थी को किसी प्रकार की पाठ्य-सामग्री, मोबाइल फोन, आईपैड, पैन ड्राइव, हार्ड डिस्क, डेटा कार्ड, कैलकुलेटर, ब्लू टूथ डिवाइस, ईयरफोन, किसी भी प्रकार की घड़ी, एटीएम कार्ड आदि उपकरण परीक्षा कक्ष में लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। वहीं अतिरिक्त हेल्प डेस्क बनाने तथा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर प्राप्त मात्रा में मास्क, थर्मल स्कैनर व सेनेटाइजर की व्यवस्था के भी निर्देश दिये गये। गेट पर सभी अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली जाएगी। छात्रों के मोबाइल-बैग आदि को जमा करने की उचित व्यवस्था यथा अलग से क्लॉक रूम की व्यवस्था केन्द्र अधीक्षक द्वारा की जाएगी। उक्त बैठक में एडीएम वित्त अरविन्द मिश्र, एसपी सिटी अर्पित विजय वर्गीय, जोनल मजिस्ट्रेट, समस्त सैक्टर मजिस्ट्रेट व समस्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट, समस्त केन्द्र अधीक्षक तथा अन्य परीक्षा से जुड़े समस्त अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बदमाश किया गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु)। शहर कोतवाली पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी को अवैध शस्त्र रखने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी के विरूद्ध अदालत ने गोकशी सहित अन्य धाराओं में गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया था।

पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली पुलिस ने एक सूचना के आधार पर मक्कीनगर निवासी युवक को एक चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। उसके विरूद्ध अदालत ने सहित अन्य संगीन धाराओं में गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया हुआ था।

ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से स्कॉर्पियो सवार की जान आफत में आई

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु)। नई मंडी थाना क्षेत्र में बाईपास पर जानसठ रोड ओवर ब्रिज के निकट सरिया लाद कर ले जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक की लापरवाही से स्कॉर्पियो सवार की जान आफत में आ गई। गंभीर रूप से घायल स्कॉर्पियो चालक को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि हरिद्वार जनपद के रुड़की थाना क्षेत्र के मिशन कंपाउंड निवासी रामकिशन सिंह पुत्र मंगत सिंह बीती रात अपनी स्कॉर्पियो में सवार होकर खतौली से रुड़की जा रहा था, जब वह नई मंडी थाना क्षेत्र में बाईपास पर जानसठ रोड स्थित ओवरब्रिज पर पहुँचा, तभी उसकी गाड़ी से आगे चल रहे ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए।

ट्रॉली में लदे सरिये शीशा तोड़ते हुए गाड़ी में घुस गए, जिससे रामकिशन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने किसी प्रकार उसे बाहर निकाला और उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया।

पुलिस ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर, (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः-

चाकू 1600-1675, लड्डू-1670, खुरपापाड़-1550, आमद- 800 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर, (बु.)।
सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना- 51,600	**चांदी-59,000**
सिक्का- 70,800	**गिन्नी- 41,500**

आपका आज का राशिफल

बुधवार, 12 अक्टूबर, 2022

मेष-योजना को कार्यान्वित करने का सुयोग, स्वास्थ्य में सुधार, आकस्मिक लाभ, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय।

वृषभ-आरोग्य सुख, व्यापारिक उन्नति, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, नौकरी में स्थानान्तरण का मसला हल, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, परिणय के क्षेत्र में अनुकूलता।

मिथुन-आज रात्रि 10/02 बजे तक कठिनाइयों से परेशानी, दूसरों के चक्कर में स्वयं की हानि, शेष समय बेहतर, प्रगति हेतु विचार विमर्श, गलत फहमियाँ दूर, लाभ भी।

कर्क-आज रात्रि 10/02 बजे तक गृहयोग पक्ष में, कार्य क्षमता में वृद्धि, वाहन से सुख, शेष समय में निराशा, दैनिक कार्यो के प्रति उदासीनता, यात्रा में असंतोष।

सिंह-कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में प्रगति का सुअवसर, वैवाहिक सम्बन्धों में सुधार, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, पठन-पाठन में अभिरुचि, सद्विचारों का उदय।

कन्या-योजना साकार करने की दिशा में प्रयास, व्यक्तिगत समस्या का समाधान, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, लाभ।

तुला-आज रात्रि 10/02 बजे तक समय अशुभ बहु प्रतिक्षित योजना अधूरी, प्रियजनों से अनबन, शेष समय भाग्य के पक्ष में, कार्य सिद्धि का सुयोग, आय के नवीन स्रोत।

वृश्चिक-आज रात्रि 10/02 बजे तक दिनमान अनुकूल, शारीरिक सुख, पारस्परिक संबंधों में प्रगाढ़ता, शेष समय में लेन-देन में जोखिम से हानि, घरेलु सुख में दिक्कतें।

धनु-बुद्धि विवेक से संकल्प सिद्धि, मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, पत्नी का स्वास्थ्य सुधार पर, प्रियजनो से वांछित सहयोग, संभावित यात्रा संतोषजनक।

मकर-आरोग्य सुख, व्यापार में विस्तार, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, निजी जिन्दगी में सुख सुविधा के जरूरी साधन सुलभ, आरोग्य सुख, मन प्रसन्न।

कुम्भ-आज रात्रि 10/02 बजे तक निराशाजनक, प्रगति का प्रयास असफल, लाभ में कमी, शेष समय में बुद्धि चातुर्य से कार्य सिद्धि, शत्रु परास्त, मित्रों से विचार विमर्श।

मीन-आज रात्रि 10/02 बजे तक समय भाग्य के पक्ष में, सद्विचारों का उदय, पुराने विवाद का समापन, यात्रा भी, शेष समय में कठिनाइयाँ प्रभावी, कार्य की अधिकता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

थोक एवं खुदरा दवा व्यापारियों से बिल पर व्यापार करने की अपील : मुजफ्फरनगर कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बुस.)। आज जिला परिषद बाजार में मुजफ्फरनगर कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक आवश्यक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें दवा व्यापार में आए दिन दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिस पर सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए, जिसमें संरक्षक डॉ. आरके गुप्ता ने थोक दवा विक्रेताओं से अपील की, कि सभी दवा थोक विक्रेता लाइसेंस धारी मेडिकल स्टोर को ही बिल पर दवा दें। चेयरमैन प्रमोद मित्तल ने कहा कि जिला परिषद मार्केट में आए दिन बाहर की टीम हमारे दवा व्यापारियों से आकर पूछताछ करती हैं और वह लोकल ड्रग इंस्पेक्टर को साथ नहीं रखती, इसलिए जिला प्रशासन से हमारा अनुरोध है कि जब भी कोई बाहर की टीम आए, तो लोकल ड्रग इंस्पेक्टर की उपस्थिति होनी आवश्यक है। जिला अध्यक्ष सुभाष चौहान ने कहा की ऑनलाइन दवा व्यापार दवा व्यापारियों का हक ले रहा है, एवं ऑनलाइन दवा व्यापार के लिए कोई नियमावली नहीं बनी हैं, लेकिन हमारे दवा व्यापारियों पर आए दिन नए नए नियम लागू होते जा रहे हैं, 15 अगस्त को लखनऊ औषधि प्रशासन द्वारा जो पत्र जारी हुआ है, उसमें कुछ सुधार की आवश्यकता है, मुजफ्फरनगर कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन हमेशा से नशा माफियाओं के खिलाफ कार्य करता रहा है और आगे भी करता रहेगा, लेकिन जिला प्रशासन से अनुरोध है कि 95% हमारा दवा व्यापारी सही कार्य करता है उसको अनावश्यक परेशान ना किया जाए, पांच परसेंट जो नशे का कार्य कर रहे हैं उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें। महामंत्री संजय गुप्ता ने कहा जो अवैध मेडिकल (बगैर लाइसेंस) स्टोर चल रहे हैं। उन पर प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, संगठन के पदाधिकारियों ने माननीय पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। सभा में मुख्यता सुरेंद्र गर्ग, सुबोध जैन, सुधीर त्यागी, कुलदीप शर्मा मुकेश शर्मा सतीश तायल दिव्य प्रताप सोलंकी पंकज तनेजा मयंक बंसल सचिन त्यागी अभिषेक वालिया आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

13 अक्टूबर को 23वां विश्व दृष्टि दिवस मनाया जाएगा

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)। राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत अक्टूबर माह के द्वितीय गुरूवार 13 अक्टूबर को इस वर्ष की थीम लव योर आइज के आधार पर 23वां विश्व दृष्टि दिवस मनाया जाएगा, जिसका मूल मंत्र दृष्टि हीनता की ओर विश्व का ध्यान खींचना है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार और एसीएमओ दिव्या वर्मा की अध्यक्षता में बैठक कर सभी ब्लॉक नेत्र परीक्षण अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि इस संबंध में शासन से जारी निर्देशों में विश्व दृष्टि दिवस 2022 का लक्ष्य विगत वर्षों में नेत्र चिकित्सा में किए कार्यों को अभियान के रूप में जारी रखते हुए और अधिक लोगों को अपने नेत्रों के परीक्षण हेतु के लिए प्रेरित करने के साथ 05 मिलियन से अधिक लोगों को नेत्र परीक्षण की शपथ लेने हेतु जोड़ना है। इसी क्रम में शिविर लगाकर उनके नेत्र रोगों का परीक्षण करने के साथ दृष्टि क्षीणता से ग्रसित व नेत्र चिकित्सा सुविधाओं से दूर लोगों को भी चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करना है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि इस विश्व दृष्टि दिवस पर अपने नेत्रों का परीक्षण कराने की प्रतिज्ञा लें। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. दिव्या वर्मा ने बताया कि दृष्टिहीनता का मुख्य कारण मोतियाबिन्द निकट एवं दूर दृष्टि दोष, ग्लूकोमा, बढ़ी उम्र में पर्दे की कमजोरी, शुगर, रेटिनोपैथी, कार्नियल ओपेसिटि, नेत्र संक्रमण, मॉलन्यूट्रिशन आदि हैं। उन्होंने कहा कि नेत्र चिकित्सा से ज्योति को बचाया या दोबारा प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ आम जनता द्वारा अपने नेत्रों का परीक्षण करना ही नेत्र ज्योति को बचाने का पहला कदम है। इसके लिए नेत्र परीक्षण के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 13 अक्टूबर को विश्व दृष्टि दिवस मनाया जाएगा, जिसमें नेत्र उपचार में लगे राजकीय चिकित्सालयों, राजकीय सहायता प्राप्त गैरसरकारी संगठनों एवं दृष्टिविहीनता नियंत्रण के क्षेत्र से जुड़े निजी चिकित्सालयों में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की पूर्ण जानकारी आमजन तक पहुंचाने के प्रयास किए जाएंगे और सभी जिला चिकित्सालयों में दृष्टिदोष परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

जांच टीम ने बेहड़ा सादात में कार्यों को बताया सही

भोपा, 11 अक्टूबर (बुस.)। ग्राम बेहडा सादात में ग्रामीणों की शिकायत पर डीएम के आदेश पर की गई जांच में अधिकारियों की टीम ने 39 बिन्दुओं पर ग्राम प्रधान द्वारा कराये गये कार्यों को सही ठहराया है तथा शिकायतकर्ताओं की शिकायत को निराधार बताया है, जिसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी व जिला पंचायतराज अधिकारी को भेजी गई है। मोरना ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बेहड़ा सादात में ग्राम प्रधान द्वारा कराये गये विकास कार्यों जैसे इंटरलॉक, मिट्टी भराव का कार्य, नाली, नाला निर्माण कार्य, खडंजा, सोलर लाइट, हैंडपम्प, शमशान घाट, आर.ओ. मशीन, सडकें, आंगनबाडी केन्द्र में फर्नीचर आदि में अनियमितता की शिकायत ग्रामीणों ने की थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए डीएम के आदेश पर गत 6 सितम्बर को अधिकारियों की टीम बेहडा सादात पहुंची थी तथा ग्रामीणों के बीच विकास कार्यों की जांच की। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र परमहंस मौर्य व अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग चन्द्रबोस ने डीएम को अपनी जांच आख्या में बताया कि शिकायतकर्ताओं द्वारा जांच संबंधी साक्ष्य प्रपत्र/फोटोग्राफ उपलब्ध कराने के लिए तीन दिन का समय दिया गया था। शिकायतकर्ताओं द्वारा जांच से पूर्व का कोई भी साक्ष्य/प्रपत्र/फोटोग्राफ उपलब्ध नहीं कराया गया। शिकायतकर्ताओं द्वारा जांच उपरांत की स्वयंरचित वीडियो उपलब्ध कराई गई, जिसमें कोई तथ्यात्मक बिन्दु स्पष्ट नहीं है। प्रथम दृष्टया शिकायत तथ्यों से परे एवं साक्ष्यविहीन है।

जी.के. क्विज में विजयी छात्र-छात्राओं का अभिनन्दन

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बुस.)। स्थानीय ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में भारत विकास परिषद 'समृद्धि' द्वारा 1 सितम्बर, 2022 को संपन्न हुई परीक्षा 'भारत को जानो' जी.के. क्विज में विजयी छात्र-छात्राओं का अभिनंदन किया गया। विद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर भारत विकास परिषद समृद्धि के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, सचिव पंकज बंसल, चेयरमैन कौशल कृष्ण अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, अचिन अग्रवाल का स्वागत विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी, हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान द्वारा किया गया। भारत को जानो प्रतियोगिता 1 सितम्बर, 2022 को कराई गई थी। यह परीक्षा दो वर्गों में कराई गई, जिसमें सीनियर वर्ग में कक्षा नौवीं से 12वीं तक के बच्चे तथा जूनियर वर्ग में कक्षा छठीं से लेकर आठवीं तक के बच्चे सम्मिलित रहे। यह प्रतियोगिता छात्र-छात्राओं में देश की संस्कृति को जानना, सामान्य ज्ञान को बढ़ावा देना, इतिहास व वर्तमान आदि के बारे में जानकारी हासिल करना आदि इस उद्देश्य से कराई गई थी, जिसमें अधिक से अधिक बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व पंचम स्थान प्राप्तकर स्कूल का नाम भी रोशन किया है। इस भारत को जानो जी.के. क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान - सीनियर वर्ग में 11 ए की छात्रा विदुषी राठी जूनियर वर्ग में 7 ए की छात्रा आन्या गर्ग ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान - सीनियर वर्ग में 12 सी की छात्रा राधिका अग्रवाल व जूनियर वर्ग में 8 ए की अनुष्का टंडन ने प्राप्त किया, तृतीय स्थान - सीनियर वर्ग में9 ए की छात्रा श्रेया सिंह पंवार व जूनियर वर्ग - 8 ए के छात्र वैभव सहरावत ने प्राप्त किया, चतुर्थ स्थान - सीनियर वर्ग में 10 वीं के छात्र कृष्णा व जूनियर वर्ग में 6 एके काव्यांश सिंघवाल ने प्राप्त किया। पांचवा स्थान- सीनियर वर्ग में 12 एके छात्र करन प्रताप व जूनियर वर्ग में 7 ए के छात्र नैतिक, हर्ष गौतम व अंश गौतम ने प्राप्त किया। भारत विकास परिषद समृद्धि के सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा विजयी हुए छात्र छात्राओं को गोल्ड व सिल्वर मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में भारत विकास परिषद समृद्धि के अध्यक्ष अरविंद गुप्त ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य यह है कि छात्र वह छात्राएं अपनी संस्कृति के बारे में अधिक से अधिक जाने व भविष्य में उनके द्वारा दी जाने वाली प्रशासनिक प्रतियोगी परीक्षाओं में यहपरीक्षा मददगार सिद्ध हो। विद्यालय के प्रधानाचार्य आजाद वीर ने भारत विकास परिषद परिषद समृद्धि के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और अपील की कि ऐसी परीक्षाएं विद्यालय में यदि समय-समय पर होती रहे, तो निश्चित ही बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा, जो भविष्य में उनके लिए लाभप्रद सिद्ध होगी। उन्होंने विद्यालय प्रांगण में आए हुए विजयी हुए छात्र-छात्राओं के माता-पिता का आभार व्यक्त किया समापन राष्ट्रीय गान से हुआ। संचालन हरदीप कौर ने किया।

भाकियू व बसपा कार्यकर्ताओं ने मुलायम सिंह यादव को दी श्रद्धांजलि

जानसठ, 11 अक्टूबर (बु.)। पूर्व मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर गांव मंतोड़ी में बहुजन समाज पार्टी और भारतीय किसान यूनियन कार्यकताओं ने शोक व्यक्त किया और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बसपा नेता अरविंद मंतोड़ी के आवास पर सामूहिक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अरविंद मंतोड़ी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पद चिन्हों पर चलकर प्रदेश के दबे कुचले और पिछड़े वर्गो के लिए बहुत कार्य किया। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव को धरती पुत्र की संज्ञा दी गई है, जो उनके महान व्यक्तित्व को उजागर करती है। वरिष्ठ नेता धर्मबीर सिंह ने कहा कि मुलायम सिंह यादव के निधन से पिछड़ों और मुसलमानों का एक रहनुमा चला गया है। भाकियू नेता अमर सिंह ने भी पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव से जुड़े कई संस्मरण सुनाए। सामूहिक श्रद्धांजलि सभा में अमर सिंह, सतबीर सिंह, भाकियू के तहसील उपाध्यक्ष ओम सिंह, मोहम्मद इकबाल सलमानी, युवा नेता अनुभव सिंह एडवोकेट पुत्र सुधीर क्रन्तिकारी, मदन सिंह, अनित, बिल्लू सहित बड़ी संख्या मे गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सुनारों की चौपाल द्वारा मनायी गयी श्री अजमीढ़ जी महाराज की जयंती

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बुस.)। स्वर्णकार समाज के संस्थापक महाराजा श्री अजमीढ़ जी महाराज की जयंती कार्यक्रम सुनारों की चौपाल के द्वारा टाउन हॉल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में बड़े धूमधाम और भव्य तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख समाज सेवी एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री संजय वर्मा पुरकाजी वाले मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मैं भी हूं अनुशासित, समयबद्धता पुरस्कार, मैं भी हूं जागरूक और प्रचार प्रसार प्रमुख सहित ढेरों प्रतियोगिताएं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुनारों की चौपाल के संयोजक विकास वर्मा एडवोकेट ने बताया कि श्री अजमीढ़ जी महाराज के द्वारा ही पूर्व में अजमेर नगर को बसाया गया था। श्री अजमीढ़ जी महाराज के पिता महाराजा श्री हस्ती ने हस्तिनापुर नगर बसाया था। यह स्वर्णकार उन्ही के वंशज है। श्री विकास वर्मा ने कहा कि सुनारों की चौपाल का उद्देश्य स्वर्णकार समाज के युवाओं को जागृत करना है कि वह सामाजिक रूप से,राजनीतिक रूप से और आर्थिक रूप से सबल बने। विकास वर्मा ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों ने स्वर्णकार समाज को सिर्फ अपना वोटर मात्र समझा है, कभी कोई सम्मान नहीं दिया है। स्वर्णकार समाज को जागृत करना और सत्ता में और संगठन में समाज की हिस्सेदारी तय हो, इसकी जागृति पैदा करने का काम यह सुनारों की चौपाल करेगी। कार्यक्रम का प्रारंभ श्री अजमीढ़ जी महाराज के समक्ष मुख्य अतिथि संजय वर्मा व कार्यक्रम के संयोजक विकास वर्मा एडवोकेट के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में ढ़ेरों सारी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें ढेरों सारे इनाम पाटे गए और युवाओं को जागृति प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में महाराजा श्री अजमीढ़ जी महाराज की सामूहिक आरती करके व पुष्प वर्षा करके कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विकास वर्मा एडवोकेट, सागर वर्मा, सुनील वर्मा नगर पालिका मुजफ्फरनगर, अभय वर्मा, आशीष वर्मा, मनीष वर्मा, संजय वर्मा, विनोद वर्मा, कविता वर्मा, रामकिशन वर्मा, राज कमल वर्मा, अजय वर्मा, सुभाष वर्मा, विजयलक्ष्मी वर्मा, सचिन वर्मा, राजकुमार वर्मा, अशोक वर्मा, जयपाल वर्मा, पवन कुमार वर्मा, रवि वर्मा, जितेंद्र कुमार, अंकुर वर्मा, रविंद्र कुमार वर्मा, पुष्पा वर्मा, राहुल वर्मा, राधेश्याम वर्मा, अनिल वर्मा, रवि वर्मा, उमेश चंद्र वर्मा, रोशन लाल वर्मा, गौरव वर्मा, बीना रानी, कृष्ण गोपाल वर्मा, सविता गजल, मोहित वर्मा, पूजा वर्मा, पुनीत वर्मा, शोभित वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

साइड न देने पर चालक से की मारपीट

मीरापुर, 11 अक्टूबर (बु.)। कस्बे के मोंटी तिराहे के समीप कार को साइड न देने पर कार सवार चार युवकों ने डीसीएम चालक को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने कार सवार चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर शांतिभंग में चालान कर दिया।

मंगलवार की सुबह रामराज थानाक्षेत्र के गांव देवल निवासी कुलवन्त पुत्र सुच्चा सिंह, मलकीत पुत्र टेहल सिंह, मालक सिंह पुत्र जहांगरी, लकवेन्द्र पुत्र सुच्चा सिंह अपनी कार से देवल से मीरापुर आ रहे थे। जब इनकी कार मोंटी तिराहे के पास पहुँची, तो एक डीसीएम चालक से साइड ने देने पर इनका विवाद हो गया। आरोप है कि जिसके बाद चारों युवकों ने डीसीएम चालक को गाड़ी रुकवाकर उसके साथ गाली गलौंच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँच गयी तथा चारों युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले आयी और सभी का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया।

दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ का शपथ ग्रहण संपन्न

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)। दीवानी न्यायालय के सैंट्रल हाल में संपन्न हुए दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ की मुजफ्फरनगर शाखा के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश चवन प्रकाश द्वारा पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता जय सिंह पुण्डीर, एडीजे प्रथम द्वारा की गई। दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ की मुजफ्फरनगर शाखा के नवनियुक्त कार्यकारिणी में संरक्षक सतीश पंवार, अध्यक्ष अमरदीप सिंह सोम व महासचिव कपिल देव शर्मा को जिला जज चवन प्रकाश ने शपथ दिलाई। इसके साथ ही कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष चन्द्र मोहन, उपाध्यक्ष संजय पुंडीर, सहदेव कुमार, कोषाध्यक्ष आदेश शर्मा व सहकोषाध्यक्ष अरूण कुमार को शपथ ग्रहण कराई गई। इसके अलावा ऑडिटर उमा शंकर, संयुक्त सचिव आशीष मिश्रा, राहुल चौधरी, संगठन सचिव विश्वास प्रसाद शर्मा और विपिन कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी गोपाल कुमार को जिम्मेदारी देते हुए शपथ ग्रहण कराई। वहीं दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी में नवीन त्यागी, मुकेश कुमार, अनुज यादव, नितिन वर्मा (आशु लिपिक), मोहित कुमार, टीना, निरंजना त्यागी, राजीव शर्मा (वाह्य न्यायालय बुढ़ाना, अनुराग शर्मा व अर्पित कुमार को बनाते हुए विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में अजय कुमार गर्ग (प्रांतीय संगठन सचिव) को बनाया गया है। सोमवार को संपन्न शपथ-ग्रहण कार्यक्रम में समस्त न्यायिक अधिकारी तथा कर्मचारी इस दौरान उपस्थित रहे।

नौकरी दिलाने के नाम पर 50 हजार ठगने का आरोप

मीरापुर, 11 अक्टूबर (बु.)। थानाक्षेत्र के ग्राम मुकल्लपुरा निवासी एक महिला ने गांव की ही एक महिला समेत तीन युवकों पर उसकी पुत्री को नौकरी दिलाने ने नाम पर पचास हजार रुपए ठगने का आरोप लगाया है।

मीरापुर थानाक्षेत्र के ग्राम मुकल्लमपुरा निवासी सरोज पत्नी राजेन्द्र ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही एक महिला सहित तीन लोगों ने उसकी पुत्री को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 50 हजार रुपए लिये थे, किन्तु उसकी पुत्री को कोई नौकरी नहीं दिलायी। आरोप है कि जब उसने इन लोगों से अपने 50 हजार रुपये वापिस मांगे, तो आरोपी युवकों ने रकम वापस करने से इंकार कर दिया और उसके साथ दुर्व्यवहार करते हुए गाली गलौच शुरू कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी ।

नन्हे मुन्नों ने किया डाकघर का शैक्षणिक भ्रमण

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बुस.)। नई मंडी स्थित आइडियल किड्स स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों को नई मंडी स्थित मुख्य डाकघर ले जाकर डाकघर से संबंधित जानकारियां प्रदान की गई। जैसा कि विदित ही है कि प्रत्येक वर्ष भारत में 10 अक्टूबर को नेशनल पोस्ट-डे मनाया जाता है किंतु कल अवकाश होने के कारण बच्चों को आज ले जाया गया, वहां जाकर बच्चों ने अपने हाथ से सजाएं पोस्टकार्ड लेटर बॉक्स में डालें, जिन पर उनके घर का पता लिखा हुआ था। अब वे पोस्टकार्ड उनके घर पहुंचेंगे, तो उन्हें " हू ब्रिंग्स असलैटर" का मतलब समझ आएगा कि "पोस्टमैन ब्रिंग्स अस लैटर" आइडियल किड्स की इंचार्ज नीता अग्रवाल ने बताया कि समय-समय पर पिकनिक के साथ-साथ बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए विभिन्न स्थानों पर ले जाकर उनको प्रयोगात्मक रूप से शिक्षित किया जाता है। इस अवसर पर पोस्ट ऑफिस के एएसपी प्रदीप अग्रवाल ने बच्चों को बताया कि अब पोस्टमैन के साथ-साथ पोस्ट वूमेन भी होती है। बच्चों ने उपस्थित एसएसपी विजेंद्र एवं विभूति गोयल के साथ मनोज को आइडियल किड्स की ओर से स्मृति चिन्ह के रूप में एक हस्तनिर्मित पोस्ट-डे की पेंटिंग भी भेंट की। उपस्थित वरिष्ठ पोस्ट मास्टर विजेंद्र ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए स्कूल के इस प्रयास की सराहना करते हुए बच्चों को पोस्ट ऑफिस में घुमाया एवं आवश्यक जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में संपूर्ण स्टाफ का योगदान रहा।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी -सम्पादिका-श्रीमति पूजा दुआ
☎, (प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन-9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

1973-2022

सम्पादक की कलम से

महाकाल लोक, लोकार्पण

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कल उज्जैन में महाकाल लोक का लोकार्पण किया। वाराणसी में काशी विश्वनाथ के बाद देश के एक और ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का नया रूप निखर गया है। इस अवसर पर लगभग 60 हजार श्रद्धालु उपस्थित रहे। कल दोपहर 3 बजे महाकाल मन्दिर को एसपीजी और पुलिस के हैंडओवर कर दिया गया था। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी एयरफोर्स के हैलीकॉप्टर से उज्जैन पहुंचे। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के गर्भगृह में पहुंचकर पूजन किया। इसके बाद उन्होंने नंदी हाल में बैठकर कुछ देर ध्यान किया। प्रधानमन्त्री का भाषण सुनने के लिए वहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। सभी लोग मोदी-मोदी के नारे लगा रहे थे। महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मन्दिर के पास बना महाकाल लोक 920 मीटर लंबा है, जिसमें 200 प्रतिमाएं हैं। महाकाल लोक में भगवान शिव के 8 रुपों के दर्शन के साथ, शिवपुराण में वर्णित कथाओं के म्यूरल बने हैं। महाकाल परिसर का जीर्णोद्धार 150 वर्ष बाद हुआ। महाकाल लोक प्रोजेक्ट को दो फेज में 856 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जा रहा है। इसके बाद 2.8 हेक्टेयर में फैला महाकाल परिसर 47 हेक्टेयर का हो जाएगा। इसमें 946 मीटर लंबा कॉरिडोर है, जिस पर चलकर भक्त गर्भगृह तक पहुंचेंगे। कार्यक्रम के लिए महाकाल मन्दिर सहित पूरे परिसर को देशी-विदेशी फूलों से सजाया गया है। इसके लिए बेंगलुरु और पुणे सहित सात शहरों से फूल मंगाए गए। विशेष बात यह रही कि प्रधानमन्त्री के कार्यक्रम के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने आम दिनों की तरह ही बाबा महाकाल के दर्शन किये, बस सुरक्षा की दृष्टि से उनकी संख्या सीमित रही। प्रधानमन्त्री के दर्शन के लिए आने पर एक घंटे के लिए गणेश मंडपम बंद रहा, इस मध्य श्रद्धालुओं ने कार्तिकेय मंडपम से दर्शन किये। महाकाल लोक में मुख्य नंदी द्वार पर करीब 15 फीट ऊंचा शिवलिंग बनाया गया। इसे रक्षा सूत्र अर्थात कलावा से तैयार किया गया और कपड़े से ढंका गया था, प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने रिमोट का बटन दबाया और कपड़ा हट गया। इसी के साथ महाकाल लोक का लोकार्पण हुआ। प्रधानमन्त्री मोदी की सड़क मार्ग से यात्रा की संभावनाओं को देखते हुए उज्जैन-इंदौर हाईवे पर लाइटिंग की गयी, सोमवार रात पूरा हाईवे जगमग रहा। महाकाल का गर्भगृह और नंदी हाल के साथ ही परिसर के सभी मन्दिर रंग-बिरंगे प्रकाश से नहाए रहे। वहां 40 से अधिक छोटे-बड़े मन्दिरों और कोटितीर्थ कुंड के आस-पास पुष्प सज्जा भी की गई। सजावट के लिए देसी गुलाब, गेंदा, सुगंधित पुष्प इसके अलावा विशेष किस्म के डच गुलाब, जरबेरा, लिली, रजनीगंधा, एंथोरियम का प्रयोग किया गया। यह कार्यक्रम 40 देशों में लाइव दिखाया गया। उज्जैन में महाकाल लोक के लोकार्पण से पहले गायक कैलाश खेर ने महाकाल स्तुति की, मध्यप्रदेश, गुजरात, झारखंड, केरल सहित 6 राज्यों के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। शिप्रा नदी के सभी घाटों पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बड़ी स्क्रीन पर कार्यक्रम देखा। मध्य प्रदेश के प्रमुख मन्दिरों में लोगों ने शिव भजन, पूजन, कीर्तन, अभिषेक, आरती की, शंख, घंटे-घड़ियाल बजे साथ ही मन्दिरों, नदियों के तटों और घरों में दीपक जलाए गए। प्रदेश के सभी बड़े शिव मन्दिरों जैसे टीकमगढ़ का बांदकपुर मन्दिर, छतरपुर का जटाशंकर मन्दिर आदि स्थानों में सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन किये गए। उज्जैन एवं इंदौर संभाग के हर जिले से विभिन्न समाज और संस्थाओं के अध्यक्ष, पार्षद, सरपंच, तड़वी, पटेल, पुजारी आदि को लोकार्पण कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था, जो अपने-अपने क्षेत्र से जल लेकर आए और उज्जैन रुद्रसागर में समर्पित किया। महाकाल लोक के लोकार्पण की पूर्व संध्या पर गायक सोनू निगम ने 25 से अधिक भजनों और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। उन्होंने जहां डाल डाल पर, बम बोले बम बोले, मेरा रंग दे बसंती जैसे गानों से समां बांध दिया। साथ ही मध्यप्रदेश की मालवा संस्कृति का नृत्य, गुजरात का गरबा, केरल के कलाकार कथक और आंध्र प्रदेश के कलाकारों ने कुचिपुड़ी नृत्य की प्रस्तुति दी। प्रधानमन्त्री मोदी की सुरक्षा के लिए प्रदेशभर से अलग-अलग पुलिस बल बुलाया गया। इनमें अधिकारियों के साथ स्पेशल टीम शामिल है। इन टीमों में 6 हजार से अधिक जवान और अधिकारी सम्मिलित रहे। 12 अक्टूबर से महाकाल मन्दिर दर्शन व्यवस्था में देश का सबसे सुव्यवस्थित मन्दिर हो जाएगा। यहां दर्शन व्यवस्था अगले 50 साल को ध्यान में रखकर बनाई गई है। उद्घाटन के बाद श्रद्धालुओं को सबसे बड़ी सुविधा, बिना भीड़ के सुविधाजनक और कम समय में दर्शन की मिलेगी। रात में सोने की तरह दमकने वाले कॉरिडोर में सुंदरता के साथ श्रद्धालुओं को शिवरात्रि, नागपंचमी और सिंहस्थ जैसे त्योहार पर दर्शन की ऐसी उत्कृष्ट व्यवस्था बनाई जा रही है, जो देश के किसी मन्दिर में नहीं है। किसी भी त्योहार पर न तो महाकाल पहुंचने वाले वाहनों को शहर से दूर रोका जाएगा और न ही कई किलोमीटर पैदल चलना होगा। श्रद्धालुओं को पार्किंग से लेकर महाकाल दर्शन तक पहुंचने में सिर्फ 20 मिनट लगेंगे, वहीं एक घंटे में 30 हजार लोग दर्शन कर सकेंगे। व्यवस्था ऐसी होगी कि एक दिन में 10 लाख श्रद्धालु भी पहुंच जाएं, तो उन्हें दर्शन कराए जा सकते हैं। ये फेस-1 की व्यवस्था है, जिसका उद्घाटन हुआ। फेस-2 की तैयारियां भी पूरी हो चुकी हैं। इसमें सिंहस्थ को ध्यान में रखकर प्लान किया गया है। सिंहस्थ के मध्य, इंदौर, रतलाम, देवास, मक्सी जैसे किसी भी नगर से उज्जैन आने पर सिंहस्थ मेले के डेढ़ किलोमीटर दूरी पर गाड़ियां पार्क हो सकेंगी। लोगों को मेला क्षेत्र में पहुंचने के लिए न तो कई किलोमीटर पैदल चलना होगा और न ही किसी पास की आवश्यकता होगी। डेढ़ किलोमीटर क्षेत्र में भी तिरुपति की तरह बैटरी वाली सरकारी गाड़ियां चलेंगी। 30 सितंबर 2023 तक महाकाल आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 2500 गाड़ियों की पार्किंग तैयार हो जाएगी, वहीं सिंहस्थ को लेकर 7 हजार गाड़ियों की स्थाई पार्किंग व्यवस्था नदी के किनारे ही बनाई जा रही है। इसके लिए क्षिप्रा किनारे कॉरिडोर बनाने की योजना पर काम शुरू हो गया है।

चार तीर

"सड़क" "गड्ढे" "रफ़्तार" "बिजनौर"
दूर से जो आ रहा है, कह रहा है बस यही,
है भला किस हाल में उधड़ी सड़क इस दौर की।
हर कदम पर गहरे गड्ढे थम गयी रफ़्तार भी,
हो गयी है बद से बदतर अब सड़क बिजनौर की।

-सुनील 'उत्सव'

करवा चौथ पर 13 मेहंदी सेंटर शुरू, सुहागिनों ने लगवाई मेहंदी

-हिन्दू संगठनों की पहल पर हिन्दू बालिकाओं ने संभाली कमान
-नई मंडी धर्मशाला में पूर्व पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने लगवाई मेहंदी

मुजफ्फरनगर, 11 अक्तूबर(बु.)। विहिप बजरंग दल और राष्ट्र सेविका समिति की पहल पर करवा चौथ के मद्देनजर शहर में 13 सेंटरो पर आज से मेहंदी लगवाने का काम शुरू हो गया।

पहले दिन नई मंडी की बड़ी धर्मशाला में निलंबित हुई पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल समेत काफी सुहागिनों ने मेहंदी लगवाई। करवा चौथ पर छेड़छाड़ और लव जिहाद से जुड़ी घटनाओं पर अंकुश लगाने के इरादे से इस बार विहिप, बजरंग दल और राष्ट्र सेविका समिति ने नई पहल की।

इसी कड़ी में शहर में 13 स्थानों पर नई मंडी, शिव चौक, रामलीला पटेलनगर, गांधी नगर, गोल मार्किट, एसडी मार्किट, भगतसिंह रोड, मान सरोवर कालोनी, पचेन्डा रोड, प्रेमपुरी, कृष्णपुरी आदि स्थानों पर मेहंदी सेंटर बनाएं गए हैं।

मंगलवार को इन सेंटरो पर सुहागिनों को मेहंदी लगाने का काम शुरू हो गया। नई मंडी की बड़ी धर्मशाला में विहिप नेता ललित माहेश्वरी के निर्देशन में मेहंदी सेंटर शुरू हो गया।

सबसे पहले निलंबित पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने मेहंदी लगवाकर बालिकाओं के उत्साह वर्धन किया। विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता ललित माहेश्वरी ने कहा कि शहर में कुल 13 स्टाल लगाए गए है, जहां पर आज से मेहंदी लगाने का काम शुरू हो गया हैं।

कल ज्यादा भीड़ रहने की उम्मीद है। बहनें किसी भी विधर्मी उसे बिल्कुल भी मेहंदी ना लगाएं।

मेहंदी की एडवांस बुकिंग में नम्बरों का आदान प्रदान होता हैं। इससे लव जिहाद को बढ़ावा मिलता है।

रूस की बमबारी से यूक्रेन में भयंकर तबाही

नई दिल्ली, 11 अक्टूबर (वार्ता)। रूस ने सोमवार को यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई शहरों पर बमबारी की है. यूक्रेन का कहना है कि रूस ने सोमवार सुबह यूक्रेन पर 84 मिसाइलें दागीं हैं जिसमें 10 नागरिकों की मौत हो गई. इससे पहले बीती रात ही पूरे यूक्रेन में एयर अलर्ट जारी किया गया था।

कपाट बंद होने से पहले केदारनाथ आ सकते हैं पीएम मोदी

देहरादून, 11 अक्टूबर (वार्ता)। केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां आ सकते हैं। उनके 23 अक्तूबर को आने की संभावना है। इसी दौरान पीएम मोदी के बदरीनाथ आने की भी संभावना है। हालांकि पीएमओ से इस संबंध में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का केदारधाम से खास लगाव रहा है। वह कई बार केदारधाम आ चुके हैं। यहां चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग खुद पीएम मोदी कर रहे हैं। पिछले दिनों ड्रोन के माध्यम से उन्होंने पीएमओ में निर्माण कार्यों की समीक्षा की थी। सूत्रों के मुताबिक, 23 अक्तूबर को पीएम मोदी केदारधाम कार्यक्रम का जायजा भी लेंगे। केदारनाथ के बाद पीएम मोदी के बदरीनाथ जाने की भी चर्चा है। बदरीनाथ में भी पुनर्निर्माण कार्यों के लिए जो मास्टर प्लान बना है, उसका जायजा पीएम ले सकते हैं।

मुलायम सिंह यादव के निधन की खबर सुन प्रशंसक ने की आत्महत्या

कानपुर, 11 अक्टूबर (वार्ता)। नेताजी मुलायम सिंह यादव की मौत की खबर सुनकर मजदूर ने आत्महत्या कर ली। मजदूर की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि राजेश कुमार यादव (50) इस्पात नगर में मजदूरी करता था। काम से वापस घर आते वक्त सोमवार को उन्हें मुलायम सिंह यादव के निधन की बात पता चली। इसपर वह बौखला गया और यह कहते हुए कि जब मुलायम सिंह नहीं रहे तो हम जीकर क्या करेंगे उसने पांडु नदी में छलांग लगा दी। राजेश यादव की मौत के बाद पत्नी रामरती और चार नाबालिग बेटियां ममता, ललिता, सरिता और आरूषी का हाल बेहाल है। भाई अमर बहादुर ने बताया कि बड़े भइया राजेश का नेताजी से बहुत लगाव था। उनके निधन की खबर सुनकर वह अवसाद में चले गए और आत्महत्या कर ली।

उत्तर प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम ने अखिलेश के हाथ पकड़कर दी सांत्वना

सैफई, 11 अक्टूबर (वार्ता)। समाजवादी पार्टी के संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का मंगलवार को उनके पैतृक निवास स्थान सैफई में अंतिम संस्कार हो गया। उनके बेटे और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उन्हें मुखाग्नि दी। पूरे देश से विभिन्न गणमान्य नेताओं, उद्योगपतियों, अभिनेताओं ने सैफई पहुंचकर नेताजी को श्रद्धांजलि दी और अखिलेश यादव को सांत्वना प्रदान की। यूपी के दोनों उप-मुख्यमंत्रियों- केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने अखिलेश यादव के हाथों को अपने हाथों में लेकर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान केशव एक हाथ से अखिलेश यादव की पीठ सहलाकर भी उन्हें सांत्वना दे रहे थे। उनके पीछे ही पूर्व भाजपा नेता और वर्तमान में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य बैठे हुए हैं जबकि ब्रजेश पाठक के एक तरफ आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह बैठे हैं। कुछ दिनों पहले यूपी विधानसभा में एक मुद्दे पर चर्चा करते समय केशव प्रसाद मौर्य और अखिलेश यादव के बीच तल्खी बढ़ गई थी और सदन का माहौल गरमा गया था। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा था कि सड़कें क्या सैफई की जमीनें बेचकर बनाई गई हैं। इसके जवाब में सपा नेता ने उन्हें जवाब देते हुए कहा था कि "तुम अपने घर से अपने पिता जी से पैसा लाते हो क्या ये सब बनाने के लिए।" इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीच-बचाव करते हुए माहौल शांत कराया था। श्रद्धांजलि देते समय वरुण गांधी ने अखिलेश को गले लगाया तो वह फूट-फूटकर रोने लगे।

गुम हुआ लैपटॉप बरामद कर मालिक को सौंपा

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु)। सिविल लाइन पुलिस ने गुम हुए लैपटॉप को बरामद कर उसके मालिक को सौंप दिया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 6 अक्टूबर को आशीष कुमार का लेपटॉप आर्य समाज रोड पर गुम हो गया था। पीड़ित ने पुलिस को सूचना देते हुए लैपटॉप बरामद करने की मांग की थी। सिविल लाइन थाना प्रभारी संतोष त्यागी के निर्देशन में कॉन्स्टेबल विमल चौधरी ने गुम हुए लैपटॉप को बरामद कर लिया, जिसे आज उसके मालिक के सुपुर्द कर दिया गया।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बेटे का नाम ***सिधान्सु*** से बदलकर ***सुधांशू*** (SUDHANSHU) रख लिया है। अब भविष्य में मेरे बेटे को उसके नये नाम ***सुधांशू*** (SUDHANSHU) से ही जाना व पहचाना जाये।

दिलखुश
पुत्र ब्रह्मपाल
निवासी : गांव संधावली, जिला मुजफ्फरनगर

21 को आएंगे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनसभा में : रामपाल

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी में हुई पदाधिकारियों की घोषणा

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर 21 अक्टूबर को मुजफ्फरनगर आएंगे, जहां उनका जनपद की सीमा भंगेला चैकपोस्ट पर स्वागत किए जाने के बाद मीरांपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मिर्जा टिल्ला में जनसभा को संबोधित करेंगे।

यह जानकारी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामपाल मांडी ने मीडिया से वार्ता के बीच दी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामपाल मांडी मंगलवार को रुड़की रोड स्थित रेस्टोरेंट पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बीते 26 सितम्बर से पार्टी की ओर से शुरू हुई सावधान यात्रा हर जनपद में जाने के साथ 35 जन सभाओं के माध्यम से लोगों को यात्रा के उद्देश्य से अवगत कराने के साथ गरीब, मजदूर और मजलूमों के हकों को दिलाने व जातिवार जनगणना के लिए योगी सरकार से मांग कर रही है।

उन्होंने बताया कि आगामी नगर निकाय चुनाव में पार्टी मजबूती के साथ अपने प्रत्याशियों को उतारने के साथ लोगों की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का काम करेंगी।

इस दौरान पार्टी के प्रदेश महासचिव पश्चिम सुजीत बंजारा और महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव उर्वशी चौधरी ने भी पार्टी की आगामी योजनाओं को मीडिया से सा-ा करते हुए कि प्रदेश में महिलाओं को सदैव आरक्षण की मांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ही करते हैं और वेस्ट यूपी में हाईकोर्ट बैंच की मांग पार्टी के एजेंडे में है। `उन्होंने कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का काम करती है। इस दौरान प्रदेश प्रभारी सतीश निकुंज, राजपाल बंजारा, सुनील कुमार, धर्मवीर बालियान, विनोद बंजारा आदि मौजूद रहे।

घर में घुसकर मां-बेटे को बेरहमी से पीटा

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु)। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला किदवईनगर में कुछ लोगों ने घर में घुसकर मां बेटे को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों का चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। शहर कोतवाली पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में किदवईनगर निवासी रूबी ने बताया कि पड़ौस के ही इरफान, अलहारुण व अलशाम ने हथियारों से लैस होकर उसके घर में घुसकर उसे व उसके पुत्र गुलबहार को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों का चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर साक्षरता शिविर का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चवन प्रकाश के निर्देशन में विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सलोनी रस्तोगी द्वारा उपस्थित बालिकाओं को बताया कि संविधान व अन्य सभी कानूनों में बालिका व महिलाओं को समान अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता बस जागरूकता की है। परिवार, स्कूल, समाज, सरकार प्रत्येक स्तर पर संविधान में दी गई उक्त समानता को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयास किये जा रहे है परन्तु अभी बहुत कुछ करना है। बालिकाओं के सशक्तीकरण का शिक्षा सबसे बडा हथियार है। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी ने कहा कि धरती, आसमान से लेकर अंतरिक्ष तक, गाँव प्रधान से लेकर प्रधानमंत्री तक, प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। उन्होने कहा कि बालिकाओं को स्वयं की तुलना पुरुषों से करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि वें अतुलनीय हैं। डॉ. प्रशांत कुमार एसीएमओ द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों तथा सर्वाइकल कैंसर के बारे में जानकारी दी। इस दौरान सुशील कुमार, शिवांगी, अमन अग्रवाल ने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम का संचालन राजीव कुमार द्वारा किया गया।

नाबालिग का अपहरण कर रेप करने का आरोपी दबोचा

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु)। नाबालिग का अपहरण कर रेप करने के आरोपी को पुलिस ने अदालत के वारंट पर गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि छपार थाना क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी धीरज उर्फ कल्लू के विरुद्ध वर्ष 2019 में नाबालिग का अपहरण कर रेप करने का मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में आरोपी जमानत पर छूटने के बाद अदालत में पेश नहीं हो रहा था। अदालत द्वारा आरोपी के गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे। आज पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कटे फटे होठ का कैम्प लगाया गया

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)। आज रोटरी क्लब संयम के सहयोग से गुलशन राय धर्मशाला नई मण्डी मे स्वर्गीय राजीव जैन की स्मृति मे कटे फटे होठ का कैम्प लगाया गया, जिसमें हिमालयन अस्पताल जौली गरान्ट से आये डॉ. दीपक कुमार जी के द्वारा चैकअप कराया गया।

कैम्प में आसपास के गांव से काफी बच्चे आये, जिनका मुफ्त ईलाज की सुविधा उपलब्ध करायी गयी, जिसमें प्रोजेक्ट चेयर मैन रो. राहुल अग्रवाल संरक्षक रो. विजय अग्रवाल क्लब अध्यक्ष रो. अंकित मोहन ,सचिव अचिन्त्य अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष रजत राठी एवं मनोज मित्तल, अवनीश सिंघल, संदीप बंसल, येशु गोयल,गौरव जैन राजेश वर्मा जी एवं क्लब ऐनीज का सहयोग मिला।

घर में रखो साफ सफाई

भोपा, 11 अक्टूबर (बु.)। गांव भुवापुर में नेहरू युवा केंद्र से जुड़ी महिला युवा क्लब की स्वयं सेविकाओं ने स्वच्छ भारत कार्यक्रम के तहत जन जागरण रैली निकाली, जिसमें सब रोगों की एक दवाई, घर में रखो साफ-सफाई नारों के माध्यम से साफ-सफाई रखने का आह्वान किया। इस दौरान युवतियों व महिलाओं ने घर-घर जाकर प्लास्टिक कचरे का संग्रह किया गया। प्राथमिक विद्यालय से रैली का शुभारंभ प्रधान राणा प्रताप ने हरी झंडी दिखा कर किया। रैली गांव के विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस विद्यालय में पहुंची, जिसमें राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रीति पाल के संयोजन में अध्यक्षा शिखा चौहान, राजकुमारी, बेबी, शिवानी, निशा, चंदा, वर्षा, सिम्पल, करीना, शालू, कामिनी, मिष्ठा आदि ने स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, जन-जन तक यह संदेश पहुंचाना है, हमें स्वच्छता को अपनाना है। नारों के माध्यम से ग्रामीणों से अपने घरों व आस-पास में साफ सफाई रखने का आह्वान किया। इस दौरान युवतियों व महिलाओं ने घर-घर जाकर प्लास्टिक कचरे का संग्रह किया गया।

प्रधानाचार्य परिषद का सम्मान समारोह संपन्न, एकजुटता पर बल

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद शाखा का सम्मान समारोह भोपा रोड स्थित होटल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार यादव व संचालन प्रधानाचार्य राकेश कुमार किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में वीरेन्द्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रधानाचार्य भोपा प्रह्लाद सिंह व पूर्व प्रधानाचार्य एसडी इंटर कॉलेज एसके गुप्ता रहे। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद शाखा का सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि वीरेन्द्र सिंह का स्वागत संजय राणा व सुभाष चन्द ने शॉल ओढ़ाकर किया। वहीं दूसरी ओर सीमा त्यागी व अरूणा त्यागी ने विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्या कुसुम त्यागी का बुकें देकर इस बीच स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य परिषद की जिला इकाई ने संगठन की मजबूती व शिक्षकों की समस्याओं के निदान के लिए प्रयास किए जाने पर बल दिया। वहीं दूसरी ओर अधिकांश वक्ताओं ने शिक्षक हित में कार्य करने की जरुरत पर बल दिया। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से फूलचन्द, हरपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, आदित्य सक्सेना ने पुष्प माल्यार्पण करते हुए मुख्य अतिथि वीरेन्द्र सिंह का सम्मान किया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रधानाचार्य विनीत चौहान, विनोद कुमार, राजेन्द्र कुमार, जितेन्द्र वर्मा, दिनेश कुमार जैन, नीलेश वशिष्ठ व उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की अध्यक्षा सारिका जैन आदि का विशेष सहयोग रहा।

संक्षिप्त खबरें

डिग्री कॉलेजों में प्रवेश के लिए एक दिन और मौका मिला

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)। डिग्री कॉलेजों में प्रवेश के लिए आज ओपन सूची के प्रवेश की प्रक्रिया आज भी जारी रही। इस दौरान शाकंभरी देवी विवि सहारनपुर ने स्नातक कक्षाओं की प्रवेश प्रक्रिया एक दिन के लिए बढ़ा दी है। बुधवार को भी यूजी कक्षाओं में प्रवेश होंगे। एडमिशन से छूट गए अभ्यर्थियों को इससे बड़ी राहत मिलेगी। शाकंभरी देवी विवि के प्रवेश समन्वयक एवं चौधरी छोटूराम डिग्री कॉलेज के प्रवेश समन्वयक डॉ. नरेश कुमार मलिक ने बताया कि पहले स्नातक कक्षाओं में प्रवेश की अंतिम तिथि 11 अक्टूबर तय की गई थी। लेकिन यूनिवर्सिटी क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण छात्र-छात्राओं के हित में प्रवेश प्रक्रिया को एक दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। अब बुधवार यानी 12 अक्टूबर तक प्रवेश प्रक्रिया चलेगी। महाविद्यालयों को प्रवेश पोर्टल पर एडमिशन कंफर्म करने होंगे। उधर, मंगलवार को डिग्री कॉलेजों में सुबह से ही प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। आवेदक खाली सीटों की जानकारी लेने के लिए भी पहुंचे। कॉलेजों ने ही खाली सीटों के सापेक्ष इस बार मेरिट जारी की थी।

अलविदा दोस्त...आजम खान ने भावुक अंदाज में दी आखिरी विदाई

लखनऊ, 11 अक्टूबर (वार्ता)। इटावा में मुलायम सिंह यादव को अंतिम विदाई देने आजम खान भी पहुंचे। आंखों पर चश्मा, चेहरे पर मास्क के बीच उनके जज्बात छलक ही उठे। आजम खान शीशे के अंदर रखे मुलायम को शव को बड़े ही संजीदा भाव से सहलाते नजर आए। इसे देखकर ऐसा लग रहा था मानो वह अपने बेहद पुराने दोस्त के साथ रिश्तों की गर्माहट को शायद आखिरी बार महसूस करना चाहते थे।

जस्टिस चंद्रचूड़ होंगे 50वें चीफ जस्टिस

नई दिल्ली, 11 अक्टूबर (वार्ता)। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (उखक) यू यू ललित ने अपने उत्तराधिकारी के तौर पर सबसे सीनियर जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ के नाम की केंद्र से सिफारिश की है। सीजेआई ने अपने पत्र की कॉपी न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को सौंपी है। सरकार ने 7 अक्टूबर को सीजेआई को एक पत्र भेजकर उनसे अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश करने को कहा था। जस्टिस चंद्रचूड़ 9 नवंबर को 50वें सीजेआई बनेंगे। इससे एक दिन पहले सीजेआई ललित सेवानिवृत्त होंगे।

एकनाथ शिंदे की पार्टी को मिला ढाल व तलवार चुनाव चिह्न, उद्धव को मशाल

मुंबई, 11 अक्टूबर (वार्ता)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले धड़े को ढाल और तलवार का चुनाव चिह्न मिला है। इससे पहले उन्होंने अपने पसंद के तीन चुनाव चिह्नों की सूची मंगलवार को निर्वाचन आयोग (ईसी) को सौंपी थी। आयोग ने चुनाव चिह्न के लिए पार्टी द्वारा शुरूआत में सौंपी गई सूची को खारिज कर दिया था। चुनाव आयोग ने कहा कि शिवसेना के एकनाथ शिंदे खेमा को दो तलवार और एक ढाल चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है।

एक अप्रैल से पहले का जाति प्रमाणपत्र दिया तो प्रवेश निरस्त होगा

लखनऊ, 11 अक्टूबर (वार्ता)। आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अभ्यर्थियों को इसी साल का जाति प्रमाणपत्र देना होगा। ऐसा न करने पर मेडिकल पीजी में उनका प्रवेश निरस्त हो जाएगा। पीएमएचएस संवर्ग के अभ्यर्थियों को महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाणपत्र देना होगा। तभी उनकी प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो सकेगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने यूपी नीट पीजी-2022 के तहत एमडी, एमएस और डिप्लोमा सीटों पर आवंटन पाने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

मुलायम सिंह यादव ने दिलाया यदुवंशियों को गौरवः बाबा रामदेव

सैफई, 11 अक्टूबर (वार्ता)। मुलायम सिंह यादव सैफई के जिस मेला ग्राउंड में बने अखाड़े में कई बार कुश्ती लड़ चुके थे, वहीं पर आज पंचतत्व में विलीन हो गए। उन्हें विदाई देने राजनाथ सिंह, शरद पवार, अभिषेक बच्चन, अनिल अंबानी समेत कई दिग्गज हस्तियां पहुंचीं। अलग-अलग दलों के तमाम नेताओं ने इस मौके पर नेताजी को अंतिम विदाई दी और अपने-अपने तरीके से याद किया। योग गुरु बाबा रामदेव भी नेताजी को विदाई देने पहुंचे और अखिलेश यादव का हाथ थामे रहे।

देवर ने किया भाभी का रेप, पति ने पंचायत के बीच दे दिया तीन तलाक

मेरठ, 11 अक्टूबर (वार्ता)। कंकरखेड़ा इलाके में दहेज की मांग पूरी न होने पर भरी पंचायत में पति ने महिला को तीन तलाक दे दिया। सोमवार को पीड़िता एसएसपी ऑफिस पहुंची और पूरे मामले से अवगत कराया। साथ ही देवर पर भी दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। मामला संज्ञान में आने के बाद एसएसपी ने थाना पुलिस को जांच के आदेश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक हाईवे स्थित गांव निवासी महिला ने तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी तीन वर्ष पूर्व हापुड़ जिले के पिलखुवा में हुई थी। शादी के बाद कुछ दिन तो सब कुछ ठीक चला। इसके बाद ससुराल वाले दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। वहीं मारपीट भी की जाने लगी, जिससे तीन माह का गर्भ गिर गया। समझौते को दोनों पक्षों में कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन कोई फायदा नहीं मिला। महिला का आरोप है कि करीब आठ माह पूर्व देवर ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म भी किया था।

वेस्ट यूपी और उत्तराखंड में नेटवर्क को मजबूत कर रहे थे आतंकी

सहारनपुर, 11 अक्टूबर (वार्ता)। आतंकी संगठन अलकायदा इंडियन सब कॉटिनेंट या अलकायदा-बर्र-ए-सगीर और सहयोगी आतंकी संगठन जमात उल मुजाहिद्दीन काफी समय से वेस्ट यूपी और उत्तराखंड में नेटवर्क को मजबूत कर रहा था। इसके लिए आतंकियों ने सहारनपुर और हरिद्वार को अपना ठिकाना बनाया था। जहां पर स्थानीय लोगों की मदद से आतंकी रह रहे थे। एटीएस के मुताबिक, सहारनपुर के गागलहेड़ी क्षेत्र के निवासी अलीम से ही बांग्लादेशी आतंकी अहसान और मुफस्किर की मुलाकात हुई थी। अलीम ने ही लुकमान से भी इनकी मुलाकात कराई। जिसके बाद अहसान ने लुकमान को अपने संगठन से जोड़ लिया। इसके लिए उसे ट्रेनिंग भी दी गई थी। इसके बाद लुकमान की मुलाकात संदिग्ध बांग्लादेशी आतंकी अब्दुल तल्हा से हुई। तल्हा को लुकमान ने देवबंद में मदरसे में शिक्षक नियुक्त कराया। जहां पर वह 11 माह तक रहा और कई अन्य लोगों को भी आतंकी संगठन को जोड़ा। यही नहीं इसके साथ ही कई अन्य गांव में भी सक्रिय हुई। आतंकी तल्हा ने आतंकी गतिविधियों को सक्रिय करने के लिए विदेश से भी फंडिंग कराई थी। देवबंद निवासी जाहीरपुर निवासी कामिल भी आतंकियों के संपर्क में आ गया था। उसने तल्हा और बांग्लादेशी आतंकी अलीनूर को समेलपुर में एक मकान किराए पर दिलाया था। यही नहीं तल्हा ने कामिल के एकाउंट में विदेशों से फंडिंग कराई थी। जिसका सबूत भी एटीएस को मिल गया था।

शाहपुर में पारिवारिक कलह के चलते पति ने की पत्नी की निर्मम हत्या

शाहपुर, 11 अक्टूबर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव तावली में पारिवारिक कलह के चलते पति ने अपनी पत्नी के सिर पर धारदार हथियार से वार कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। थाना क्षेत्र के गांव तावली निवासी असगर अली की शादी थाना सादपुर निवासी अंजुम के साथ लगभग 8 वर्ष पूर्व हुई थी। पिछले कुछ समय से किसी बात को लेकर दोनों में कलह चल रही थी, जिसके चलते अंजुम अपने मायके सादपुर चली गई थी। तीन दिन पूर्व उसका पति पत्नी के मायके पहुंचा और अपनी गलती मानते हुए अपनी पत्नी को लेकर गांव तावली आ गया। असगर

अली अपनी पत्नी व उसके दो बच्चों के साथ गांव में किराए पर रह रहा था। सोमवार की रात वह अपनी पत्नी तथा अपने पुत्र मुस्तफा के साथ किराए के मकान में सो रहा था, जबकि उसके परिवार के सदस्य दूसरे मकान में सो रहे थे। सोमवार की देर रात किसी समय असगर अली ने अपनी पत्नी के सिर पर धारदार हथियार से वार कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। सुबह परिवार के अन्य सदस्य घटना वाले मकान में पहुंचे, तो वह सन्न रह गए, जिसके बाद उन्होंने घटना की सूचना ग्रामीणों व पुलिस को दी। सूचना पर सैकड़ों ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और थाना प्रभारी राधेश्याम यादव पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेकर उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत कराया। उधर घटना की जानकारी मृतका के परिजनों को दी, तो वह भी गांव में पहुंचे और उन्होंने मृतका के आरोपी पति को गिरफ्तार करने की मांग की। सूचना पर सीओ बुढ़ाना विनय गौतम भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने शीघ्र आरोपी की गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि असगर अली की यह तीसरी शादी थी इसके पूर्व उसकी दो पत्नियों का निधन हो चुका है, जबकि मृतका की भी यह दूसरी शादी थी। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भिजवा दिया। वहीं विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की घटना के संबंध में मृतका के भतीजे नावेद पुत्र तनवीर ने मुकदमा दर्ज कराया है।

एम.जी. वर्ल्ड विजन की प्रधानाचार्या डॉ.मृणालिनी को मिला बड़ा सम्मान

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)। एमजी वर्ल्ड विजन की प्रधानाचार्या डॉ. मृणालिनी फिनलैंड और स्वीडन के शैक्षणिक भ्रमण के दौरान सम्मान किया गया। देश भर से विदेश में शैक्षिक भ्रमण के लिए 22 शिक्षकों का चयन किया गया था। इस दौरान फिनलैंड और स्वीड़न से शैक्षणिक भ्रमण कर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉक्टर मृणालिनी अनंत वापस आईं। वहाँ उन्होंने अनेक विद्यालयों का भ्रमण कर उनकी शिक्षा नीतियों पर विचार-विमर्श किया व अनेक वेबीनारों में हिस्सा लिया। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य छात्रों को व्यवहारिक जीवनोपयोगी तथा अधिकतम ज्ञान प्रदान करना है। जिससे वह सीखने के अनुभव को और अधिक रोचक बनाने और विभिन्न विषयों को पूरी तरह से समझने में छात्रों की सहायता कर सके। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वीडन की राजधानी स्टाक होम और फिनलैंड की राजधानी हेल्सिंकी में अपने भ्रमण के दौरान वहां के स्कूलों में पहुंच कर वहां की शिक्षा प्रणाली तथा तरीकों का अध्ययन किया। उन्होंने बताया कि फिनलैंड की शिक्षा को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। वहां उन्हें तमाम नई चीजें सीखने का मौका मिला। इसके आधार पर आगे एमजी वर्ल्ड विजन में शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर कार्य किया जाएगा ताकि बच्चों के विश्वस्तरीय बेहतर शिक्षा दी जा सके।

एसडी पब्लिक को मिला शिक्षा के क्षेत्र में एक्सीलेंस इन एजुकेशन अवॉर्ड-2022

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)। मॉरिशस में नगर के भोपा रोड स्थित एसडी पब्लिक स्कूल को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों हेतु एक्सीलेंस इन एजुकेशन अवॉर्ड-2022 से नवाजा गया है। बीते 6 अक्टूबर को मॉरिशस में आयोजित सम्मान समारोह में यह अवॉर्ड स्कूल निदेशक चंचल सक्सेना को वहां के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रुपुन, भारत की मॉरीशस में उच्चायुक्त नंदिनी सिंगला, उपप्रधानमंत्री व शिक्षा मंत्री लीला देवी एवं विदेश मंत्री एलन गानू द्वारा संयुक्त रूप से भेंट किया गया।

▶ मॉरिशस के राष्ट्रपति ने सौंपा डायरेक्टर चंचल सक्सेना को अवार्ड

एसडी पब्लिक सीनियर विंग में पत्रकारों से वार्ता करती डायरेक्टर चंचल सक्सेना व अन्य तथा मॉरिशस में सम्मान प्राप्त करती डायरेक्टर।

आयोजित कार्यक्रम के मौके पर राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रुपुन ने भारत और मॉरिशस के मजबूत संबंधों की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति रहे रामनाथ कोविंद एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मॉरिशस को हमेशा छोटे भारत के रूप में ही देखा है। शिक्षा के क्षेत्र में देशभर में जनपद का गौरव बढ़ा चुकी स्कूल की डायरेक्टर चंचल सक्सेना ने इस सम्मान के लिए शिक्षकों, अभिभावकों, छात्रों, शुभचिंतकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया।

उन्होंने कहा कि ऐसे ही प्रतिष्ठित सम्मान शिक्षा समेत अन्य क्षेत्रों में और अधिक योगदान देने के साथ ही आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। मॉरिशस में संपन्न सम्मान समारोह में एसडी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर चंचल सक्सेना ने भारत के साथ ही मुजफ्फरनगर जनपद की शान बढ़ाते हुए नया आयाम बनाया है। उन्हें मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह एवं उप प्रधानमंत्री लीला देवी की ओर से एजुकेशनिस्ट ऑफ द ईयर अवार्ड-2022 से नवाजा गया।

उन्होंने बताया कि सामाजिक संगठन इंटेलिजेंट माइंड ट्रस्ट द्वारा मॉरीशस के विश्व हिंदी सचिवालय में 6 अक्टूबर को एक्सीलेंस इन एजुकेशन अवार्ड-2022 कार्यक्रम को आयोजित किया गया, जिसमें विश्वभर से शिक्षकों ने उपस्थित होकर ग्रूमिंग सेशन में प्रतिभाग किया था।

नगर के भोपा रोड स्थित एसडी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग में मीडिया से वार्ता करते हुए स्कूल की डायरेक्टर चंचल सक्सेना ने कहा की उन्हें यह मिला सम्मान वास्तव में एक बड़ी उपलब्धि है। स्कूल जनपद के प्रमुख स्कूलों में से एक है, जिसमें सर्वाधिक छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते हैं। हालांकि उन्होंने इसके लिए एसडी पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट के साथ ही स्कूल के भवन, बच्चों के रहन-सहन, शिक्षा और वातावरण को भी इस सफलता में योगदान के लिए पूरी तरह भागीदार बताया। इस दौरान मुख्य रूप से स्कूल प्रधानाचार्य समेत विभिन्न शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

किशोरी को बहला फुसला कर ले जाकर दुष्कर्म करने पर 10 साल की सजा

कैराना, 11 अक्टूबर (बु.)। किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने व जबरदस्ती दुष्कर्म करने के मामले में अपर जिला सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायालय पोक्सो) मुमताज अली ने मुजरिम सौरभ निवासी ऊन थाना झिंझाना को 10 साल के कारावास व 15 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई। अर्थदण्ड अदा नही करने पर 10 माह को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जिला शासकीय अधिवक्ता संजय चौहान व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पुष्पेन्द्र मलिक ने बताया कि 18 अगस्त 2021 को थाना झिंझाना क्षेत्र से ऊन निवासी सौरभ एक किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया था। किशोरी के पिता ने थाना झिंझाना पर रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने किशोरी को बरामद करने के बाद उसके बयान व मेडिकल कराया था, जिसके बाद मुकदमें में दुष्कर्म की धारा का इजाफा किया गया था। पुलिस ने सौरभ को गिरफ्तार करके चालान कर दिया था। अभियोजन पक्ष की और से 7 गवाह पेश किए गये। मंगलवार को दोनो पक्षो की दलील सुनने व पत्रावलियों का अवलोकन करने के बाद अपर जिला सत्र न्यायाधीश मुमताज अली ने दोष सिद्ध पाये जाने पर मुजरिम सौरभ निवासी ऊन थाना झिंझाना को 10 साल के कारावास व 15 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई। अर्थदण्ड अदा नहीं करने पर 10 माह को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अर्थदण्ड की आधी धनराशि पीड़ित पक्ष की दी जायेगी।

सैफई में पंचतत्व में विलीन हुए नेताजी अखिलेश यादव ने दी मुखाग्नि

सैफई, 11 अक्टूबर (वार्ता)। दशकों तक राजनीति के क्षितिज पर चमकते रहे सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव मंगलवार को राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके बेटे और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंत्रोच्चार के बीच मुखाग्नि दी। सैफई में हुए अंतिम संस्कार के दौरान कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें विदाई दी। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव का शव मंगलवार सुबह सैफई स्थित आवास से गगनभेदी नारों के साथ करीब पांच सौ मीटर दूर स्थित सैफई पांडाल ले जाया गया। इस दौरान शव वाहन सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रो रामगोपाल यादव, शिवपाल यादव सहित पूरा परिवार साथ रहा।

घर से लेकर पांडाल तक जाते वक्त मुलायम सिंह की शान में कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए पुष्पवर्षा करते रहे। सियासी पटल पर धुर विरोधी माने जाने वाले प्रो रामगोपाल और शिवपाल नेताजी पार्थिव शरीर के सामने न सिर्फ एक साथ नजर आए बल्कि साथ-साथ श्रद्धांजलि दी। यह देख मंच पर मौजूद परिवार के लोगों की आंखों से आंसू निकल आए। शिवपाल और प्रो रामगोपाल ने साथ-साथ पुष्प चक्र अर्पित किया। अंतिम दर्शन करने के लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत तमाम वीआईपी को अपना सुरक्षा दस्ता काफी दूर छोड़कर मेला ग्राउंड तक आना पड़ा। मुलायम लाल टोपी में ही दिखाई दिए। बेटे अखिलेश यादव ने भी मुखाग्नि के समय सपा की पहचान लाल टोपी को पहनने के बाद अंतिम संस्कार की क्रियाओं को पूरा किया। इस दौरान मुजफ्फरनगर से भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत, पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक, विधायक चंदन चौहान, अनिल कुमार, राकेश शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी समेत बड़ी संख्या में पार्टी नेता सैफई पहुंचे।

अध्यापक की पिटाई से बच्चा बेहोश

थानाभवन, 11 अक्टूबर (बु.)। थानाभवन क्षेत्र के गांव खानपुर में प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक पर कक्षा 6 के छात्र की माता ने थानाभवन थाने पहुंचकर बच्चे को बेरहमी से पीटने का आरोप लगाते हुए बताया कि अध्यापक की पिटाई से बच्चा बेहोश हो गया, जिसे घर लाकर दवाई आदि देकर बामुश्किल होश में लाया गया। पीड़ित मां ने आरोपी अध्यापक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाभवन क्षेत्र के गांव खानपुर निवासी कक्षा 6 का छात्र हिमांशु पुत्र अमर सिंह गांव में ही स्थित प्राथमिक विद्यालय में पढ़ता है। थानाभवन थाने पहुंची हिमांशु की मां पिंकी पत्नी अमर सिंह ने थाने में तहरीर दी कि पीड़िता का पुत्र विद्यालय में पढ़ने गया था। इसी दौरान पास बैठे दूसरे छात्र ने पुत्र हिमांशु के साथ मारपीट की, जिसका विरोध करने पर वहा पढ़ा रहे आरोपी अध्यापक ने पीड़िता के पुत्र हिमांशु के साथ मारपीट की। आरोप है कि अध्यापक ने पुत्र के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिसके चलते वह बेहोश हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बच्चे को उठाकर घर ले आए, जहां पर दवाई आदि देने के बाद बच्चा बामुश्किल होश में आया। थाने पहुंची पीड़िता ने आरोपी अध्यापक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उधर आरोपित अध्यापक माधव शर्मा ने बताया कि दोनों बच्चों में झगड़ा हो रहा था, जिसके चलते दोनों बच्चों को डांटकर बैठा दिया था। बच्चों में झगड़ा होता है तो उन्हें डरना भी पड़ता है और पीटना भी पड़ता है। थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि तहरीर आई है। मामले की जांच की जा रही है।

कार की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु)। कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के पुत्र ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। छपार थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में गांव मेधपुर निवासी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि उसके पिताजी बीजा बाइक पर सवार होकर पुरकाजी से वापस गांव लौट रहे थे। बीजोपुरा मेडिकल कॉलेज के पास एक कार ने उसके पिताजी की बाइक मे टक्कर मार दी, जिसके बाद उसके पिताजी की बाइक एक रेहड़े से टकरा गई, जिससे उसके पिताजी गंभीर घायल हो गए । उसके पिता को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इस दौरान उसके पिता की मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

डॉ. नूतन जैन को मिला अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)। नगर की प्रमुख स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नूतन जैन को लिस्बन पुर्तगाल में आयोजित कार्यक्रम में उनकी नई खोज के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। डॉ. नूतन जैन की "पोस्टीरियर एप्रोचः ए न्यू एप्रोच फॉर डीलिंग यूटेरिन आर्टरी फर्स्ट, बिफोर द ब्लैडर डिसेक्शन इन टीएलएच" की नई अवधारणा को सर्वश्रेष्ठ एब्सट्रैक्ट और सर्वश्रेष्ठ चयनित वीडियो में चुना गया। ईएसजीई के सम्मानित दर्शकों के लिए इस नए दृष्टिकोण की सफलता और सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया। इसमें मूत्राशय विच्छेदन पहले और पार्श्व दृष्टिकोण की एक लंबे समय से चली आ रही लोकप्रिय धारणा के विपरीत, टीएलएच में मूत्राशय के एक आसान, सुरक्षित, संवहनी विच्छेदन के रूप में गर्भाशय धमनी कंकाल और बंधाव के एक नए दृष्टिकोण का प्रस्ताव किया गया है। इस अवधारणा को विश्व स्तर पर स्वीकार करने के साथ डॉ.नूतन जैन को लिस्बन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। यह मुजफ्फरनगर के लिए बड़े गौरव की बात है।

तितावी थाने और पीर पर चला बुलडोजर

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)। पानीपत खटीमा मार्ग फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए अनेक दुकानों को ध्वस्त किए जाने के बाद राजमार्ग की हद में आ रहे तितावी पीर एवं थाने का कुछ हिस्सा मंगलवार को बुल्डोजर चला तोड़ दिया गया है। इस दौरान थाना परिसर स्थित मंदिर की रेलिंग भी तोड़ दी गई। इस कार्रवाई के दौरान धोलरा स्टेंड के पास मंदिर पर भी बुल्डोजर चला उसकी दीवार गिराई गई। हाईवे पर बाधा को दूर करने के लिए मंगलवार को उपजिलाधिकारी परमानंद झा पुलिस प्रशासन को साथ लेकर पहुंचे और बुलडोजर चलाकर मेहर पीर अलिसा को ध्वस्त कर दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि करीब एक माह पूर्व भी तितावी पीर के प्रबंधकों को पीर हटाने के लिए कहा गया था, लेकिन पीर को नहीं हटाया गया। इस पर यह कार्रवाई करनी पड़ी। इसके अलावा थाना तितावी परिसर मंदिर को तोड़ने की कार्रवाई की गई है। थाने की दीवार भी तोड़ दी गई। अंदर मंदिर की रेलिंग भी तोड़ी गई है। मंदिर सरकारी भूमि पर स्थित होने के कारण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है।

भाजपा में आकर भी नहीं बची अंजू अग्रवाल की जान

▶ एक फर्म पर लुटा दी खुलकर नगर पालिका की माया

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)। कांग्रेस से जीतने के बाद भाजपा सभासदों के आक्रमण का शिकार रही अंजू अग्रवाल भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरने के बाद अभयदान पाने के लिए भाजपा की शरण में आई थीं। इसके बावजूद उनका यह दांव उलटा पड़ा। इस पूरे मामले में अंजू

अग्रवाल को घेरने में जहां सभासद राजीव शर्मा और मनोज वर्मा खुलकर मैदान में थे, वहीं पार्टी के बड़े नेताओं की मान मनौव्वल अपनी जान बचाने की जुगत में लगी अंजू अग्रवाल को निराशा का सामना करना पड़ा। अंजू अग्रवाल ने जब चेयरमैन की कुर्सी संभाली तो उनकी हेकड़ छवि के चलते उन्हें लेडी सिंघम पुकारा गया था, लेकिन काम के नाम पर आत्म प्रचार और इसके अलावा चंद सलाहकारों के हाथों में खेलते हुए तमाम कायदे कानूनों को हवा में उड़ाती रही। भाजपा में आने के बाद तो उनके तेवर ऐसे थे, जैसे उन्हें किसी का कोई खौफ नहीं है। जो आरोप उन पर लगे और जांच में सही पाए गए उनसे भी साफ है कि चंद लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए उन्होंने पालिका के हितों की अनदेखी की। टिपर घोटाले में फर्म को पचास प्रतिशत एडवांस भुगतान के साथ उके जीएसटी पंजीकरण पर मांगे गए जवाब पर पालिकाध्यक्ष का यह जवाब असंतोष जनक पाया गया कि आईटीआर और जीएसटी को देखे जाने का उनका दायित्व नहीं था। जबकि निविदा की शर्तों में निविदादाता का तीन वर्ष का वार्षिक टर्न ओवर चालीस लाख होना चाहिए था। जांच में पाया गया कि 2016 से 2018 के बीच उक्त फर्म की बिक्री शून्य थी। वाणिज्यकर विभाग की जांच में तमाम अनियमितताओं का खुलासा हुआ। मजे की बात है कि 35 टिपर वाहनों की आपूर्ति के टेंडर के साथ मैसर्स गोल्डन ट्राइंगल सर्विसेज नाम की फर्म को एक करोड़ बीस लाख 31 हजार रुपये की पचास प्रतिशत राशि अग्रिम भुगतान कर दी गई। इसके बाद 23 मार्च 2020 को 11 टिपर वाहनों की आपूर्ति के साथ इनकी अवशेष धनराशि 37 लाख 81 हजार 211 रुपये पचास पैसे का भुगतान भी तुरत फुरत उक्त फर्म को कर दिया गया। फर्म ने 24 बाकी टिपर वाहनों की आपूर्ति नहीं की और इस प्रकार पालिका की ओर से 82 लाख 49 हजार 783 रुपये की राशि का भुगतान बिना किसी सामान की आपूर्ति फर्म को कर दिया गया। इनमें से भी चार पांच वाहनों का ही प्रयोग हो पाया और बाकी वाहन कमला नेहरु वाटिका में खड़े जंग खा रहे हैं। इसे घोर लापरवाही के साथ दुरभिसंधि का संकेतक माना गया है। यानि पालिका ने मिली भगत कर उक्त फर्म को पालिका का माल लुटाया।

इस टेंडर में तमाम अनियमितताओं के लिए पालिकाध्यक्ष को दोषी पाया गया। इसके बाद इस मामले में पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल व संबंधित फर्म के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी, उसमें चार्ज शीट भी पुलिस फाइल कर चुकी है। वॉल पेंटिंग और कचरा घर के निर्माण और कांपेक्टर की खरीद में भी भारी अनियमितताएं जांच में पाई गईं।

पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर श्रद्धांजलि सभा में रखा मौन

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)। पूर्व रक्षा मंत्री व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह का लंबी बीमारी के बाद निधन होने पर मंगलवार को नदी रोड पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। भारतीय विकास पार्टी के कार्यालय पर संपन्न हुई शोक सभा की अध्यक्षता छात्र नेता समद खां व संचालन गुड्डू सलमानी ने किया। भारतीय विकास पार्टी की उक्त बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कश्यप ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुलायम सिंह यादव जीवन भर पारिवारिक, सामाजिक और राजनीतिक जीवन में तन, मन और धन से लगे रहे। उन्होंने कहा कि देश में मुलायम सिंह के यूं जाने से समाजवाद के एक युग का अंत हो गया है। ऐसे में उनकी प्रार्थना है कि भगवान उन्हें श्री चरणों में स्थान दे और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके परिवार को भारी दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस बीच दो मिनट का मौन रखते हुए मृतक आत्मा की शांति के लिए रखा गया। इस दौरान चन्द्रभान, कलीराम, ईश्वर, ललिता, आरजू खां आदि मौजूद रहे।

शेष : चली गयी मैडम ....

अंजू अग्रवाल इस मामले में अपने आपको निर्दोष बताती रही हैं। जांच में यह भी पाया गया कि जिस फर्म को उक्त ठेका दिया गया था, वह जीएसटी के रजिस्ट्रेशन में भी डिफाल्टर थी। इसके बावजूद अज्ञात कारणों से उसे पहले ही भुगतान कर दिया गया। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 मई 2017 को पोस्टर, बैनर, फ्लैक्सी, बोर्ड व वॉल पेंटिंग में पालिकाध्यक्ष का नाम लिखवाना और चित्र बनवाने को शासन ने गलत माना है। इसके टेंडर में जहां तमाम अनियमितताएं पाई गई, वहीं इन विज्ञापनों के माध्यम से अपने फोटो प्रकाशित कराकर स्वयं का प्रचार पालिकाध्यक्ष द्वारा कराया गया। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उन्हें हटाने पर धन का दुरुपयोग हुआ। एक अन्य मामले में सीएमओ कार्यालय के पास 11 लाख रुपये की लागत से कचरे के लिए कक्ष के निर्माण तथा उसमें पचास लाख रुपये की लागत से दो पोर्टेबल कम्पेक्टर की खरीद में गुणवत्ता का ध्यान ना रखे जाने और दोनों के खराब खड़े होने व इन्हें ले जाने वाले वाहन के भी खराब खड़ा होने पर वित्तीय हानि पहुंचाने का आरोप सही पाया गया।

सुप्रीम कोर्ट:भड़काऊ बयानों से देश का माहौल खराब हो रहा है

दिल्ली, 11 अक्टूबर (वार्ता)। एक याचिका की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा है कि देश का माहौल "हेट स्पीच के कारण खराब हो रहा है" कोर्ट ने कहा कि ऐसी भड़काऊ बयानबाजी पर अंकुश लगाने की जरूरत है

25 अक्टूबर को लगेगा सूर्य ग्रहण

▶ ग्रहण का सूतक कल सुबह 04 बजकर 22 मिनट पर शुरू होगा

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)। सूर्य और चंद्र ग्रहण को ज्योतिष शास्त्र में एक अहम घटना माना गया है। ग्रहण के दौरान सूतक काल लगने के कारण कुछ विशेष सावधानी बरतने की बात शास्त्रों में बताई गई है। साल का आखिरी सूर्यग्रहण दिवाली व गोवर्धन पूजा के बीच लगेगा। हिंदू धर्म में दिवाली का त्योहार प्रमुख त्योहारों में से एक माना गया है। ऐसे में दिवाली पर्व श्रृंखला के बीच में सूर्यग्रहण का लगना लोगों के मन में कई प्रश्न खड़े कर रहा है। दिवाली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा के दिन सूर्य ग्रहण लगेगा। इस साल गोवर्धन पूजा 25 अक्टूबर को है। सूर्य ग्रहण 25 अक्टूबर को शाम 04 बजकर 22 मिनट से आरंभ होगा, जो कि शाम 06 बजकर 25 मिनट पर समाप्त होगा। हालांकि जिन जगहों पर ग्रहण समाप्त होने से पहले ही सूर्य अस्त हो जाएगा वहां पर सूर्य ग्रहण भी समाप्त हो जाएगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, सूतक काल ग्रहण शुरू होने से 12 घंटे पहले आरंभ हो जाता है। ऐसे में दिवाली और गोवर्धन पूजा के बीच लगने वाले ग्रहण का सूतक काल 25 अक्टूबर की सुबह 04 बजकर 22 मिनट पर शुरू होगा।

क्या भारत में रहेगा सूर्य ग्रहण का प्रभाव-

25 अक्टूबर को लगने वाले सूर्य ग्रहण का प्रभाव भारत में आंशिक रूप से रहेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, हालांकि भारत में यह समान रूप से प्रभावित करेगा। ऐसे में सूतक काल के दौरान बरती जाने वाले सावधानियां मान्य होंगी।

सूर्य ग्रहण के दौरान इन बातों का रखें ध्यान-

▶ मान्यताओं के अनुसार, ग्रहण के दौरान भोजन या पानी का सेवन नहीं करना चाहिए। कहते हैं कि ऐसा करने से व्यक्ति की पाचन क्षमता कमजोर होती है। जिसके कारण व्यक्ति के बीमार होने की ज्यादा संभावना रहती है। ▶ कहा जाता है कि ग्रहण के दौरान कोई भी नया काम या मांगलिक कार्य नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से उस काम में असफलता मिलती है। ▶ ग्रहण के दौरान नाखून कांटना, बालों में कंघी करना और दांतों की सफाई करना अशुभ माना जाता है। ▶ कहते हैं कि ग्रहण के समय सोना भी नहीं चाहिए। ▶ कहा जाता है कि ग्रहण के दौरान चाकू या धारदार चीजों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। कहते हैं कि ऐसा करने से अशुभ फलों की प्राप्ति होती है।

मंगल को भी खुले बाजार, चली करवाचौथ की खरीदारी

मुजफ्फरनगर, 11 अक्टूबर (बु.)। त्योहारी सीजन में बाजारों में भीड़ उमड़ रही है। मौसम खुलने के बाद आज मंगलवार के अवकाश के बावजूद करवाचौथ की खरीदारी के लिए लोग बाजार में उमड़े। सर्राफा समेत तमाम दुकानें आज खुली रहीं। जगह-जगह जाम लगने से लोग परेशान रहे।

कई दिनों से बादल छाए रहने और बारिश होने के बाद आज धूप खिली और दिन में मौसम सुहावना हो गया है। गुरुवार को करवा चौथ का व्रत है। इस दिन सुहागन महिलाएं व्रत रखकर अपने पति की लंबी आयु की कामना करती हैं।

इसके चलते आज बाजार में आभूषण, कपड़े तथा श्रृंगार सामग्री आदि की खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ रही। मीठे करुवे और मिट्टी के बर्तन भी खूब खरीदे गए। भगत सिंह रोड, सर्राफाबाजार समेत शहर ओर नई मंडी व गांधी कॉलोनी के बाजारों में आई भीड़ में अधिकतम संख्या महिलाओं की रही। खरीदारों की भीड़ बढ़ने से दुकानदार खुश दिखाई दिए। कई स्थानों पर भीड़ के कारण यहां जाम की स्थिति बनी रही।

हो चुकी सूट और साड़ी की खरीदारी अब आई ब्यूटी पार्लर की बारी

करवाचौथ की तैयारी : शहर के ब्यूटी पार्लरों में जमकर लगी भीड़, नहीं मिल रहे आसानी से अपाइंटमेंट

मुजफ्फरनगर, 10 अक्टूबर (बु.)। करवाचैथ का पर्व 13 तारीख को धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसके चलते महिलाओं ने अपने-अपने परिधानों किसी ने सूट तो किसी ने साड़ी तो किसी ने क्रॉप-टॉप की खरीदारी लगभग-लगभग कर ली है। अब अगली कड़ी में श्रंगार व ब्यूटी पार्लर की दुकानों पर अगले दो दिनों भरपूर भीड़ देखी जायेगी। ब्यूटी पार्लर का हाल तो यह है कि सोमवार से ही फेशियल की बुकिंग शुरू हो चुकी है और कई-कई घण्टे बाद फेशियल ब्लीच आदि के नम्बर आ रहे हैं। ब्यूटी पार्लर की मानें तो एक ठीक-ठाक फेशियल करने में लगभग डेढ़ से दो घण्टे लग जाते हैं, ऐसे में हमलोग त्यौहारों पर चाहे करवाचैथ हो या दीवाली हो पार्लर में एकसाथ तीन-तीन कस्टमर अटैण्ड करते हैं। किसी को ब्लीच लगाकर उसे सूखने के लिए छोड़ दिया जाता है, तो दूसरे को मसाज कर दी जाती है। इसी तरह से कम समय में तेजी के साथ सभी का काम करना होता है और खासकर करवाचैथ के दिन सिर्फ मेकअप का कार्य रह जाता है और यह मेकअप का कार्य भी बड़े तरीके के साथ सम्पन्न करना पड़ता है। हाथों को तो तेजी से चलाना ही पड़ता है, साथ ही साथ मेकअप भी सुन्दर होना जरूरी है। ब्यूटी पार्लर संचालकों का बताना है कि करवाचैथ वाले दिन सुबह नौ बजे से ही उन्हें महिलाओं को अपने अलग-अलग समय के नम्बर देने पड़ते हैं और जिसका समय निकल गया उसे दोबारा मेकअप नहीं कराया जा सकता। कुल मिलाकर अगले दो दिनों में श्रंगार की दुकानें हो या ब्यूटी पार्लर इनपर पूरी रौनक दिखाई देगी। करवाचैथ के व्रत के बाद बाजारों में फिर से एक बार दीपावली का त्यौहार शुरू हो जायेगा, जिसमें घर की सफाई के साथ-साथ घर को सजाने की वस्तुएं भी महिलाओं को खरीदते देखा जायेगा। फिलहाल मंगलवार से बाजारों में करवाचैथ की पूरी रौनक दिखाई पड़ेगी।

अभी जारी रहेगी बारिश, 45 लोगों की हुई मौत

लखनऊ, 11 अक्टूबर (वार्ता)। यूपी में हो रही बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से पिछले दो-तीन दिन में 45 से ज्यादा लोगों की की मौत हो चुकी है। मंगलवार को भी कई जिलों में जमकर वर्षा हुई है। बारिश के चलते कई जिलों में स्कूल कॉलेज बंद रहे और जन जीवन अस्त व्यस्त रहा। मौसम विभाग ने बुधवार को लेकर भी अलर्ट जारी करते हुए कहा कि अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के विभिन्न अंचलों में गरज-चमक के साथ कहीं हल्की या सामान्य और कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने हो सकती है। इसके बाद अगले दो दिन 13 व 14 अक्टूबर को भी राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है।

तार टूटने से रेल यातायात बाधित

मेरठ, 11 अक्टूबर (वार्ता)। मोहिद्दीनपुर से मोदीनगर के बीच बिजली तार टूटने से दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेन प्रभावित रहीं। मंगलवार लगभग सुबह 9:30 बजे अचानक बिजली का तार टूट कर ट्रैक पर गिर गया। जिससे मेरठ से दिल्ली की ओर जाने वाली जनशताब्दी, शालीमार एक्सप्रेस सहित आधा दर्जन ट्रेनें प्रभावित हुईं। सुबह के समय दिल्ली कार्यालय जाने वाले यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दिल्ली की ओर जाने वाले ट्रैक को बंद कर दिया गया। रेलवे रूट पर दोहरीकरण होने से दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों को परतापुर और मोहिद्दीनपुर स्टेशन पर रोककर सहारनपुर की ओर से गुजारा गया। जनशताब्दी को मोहिद्दीनपुर रोककर अप लाइन से गुजारा गया। भारी बारिश के कारण मरम्मत का कार्य बाधित हुआ।